NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
सत्यता व निष्पक्षता का पंचम वर्ष
www.nnindianews.com
वर्ष : 05, अंक :-91, पृष्ठ : 12 | सोमवार, 06 अक्टूबर, 2025 | मूल्य- 03.00 रुपये मात्र



# जयपुर के एसएमएस अस्पताल में भीषण अग्निकांड

## 7 मरीजों की जलकर दर्दनाक मौत

### आईसीयू में थे भर्ती

जयपुर। सवाई मान सिंह (एसएमएस) अस्पताल में दर्दनाक हादसा हुआ है। अस्पताल में आग लगने से 7 मरीजों की मौत हो चुकी है। मृतकों में 2 महिलाएं भी शामिल हैं। हादसा ट्रॉमा सेंटर के दूसरी मंजिल स्थित न्यूरो आईसीयू वार्ड के स्टोर में हुआ। स्टोर में रात 11 बजकर 20 मिनट पर शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। जिससे स्टोर में रखे पेपर, आईसीयू के सामान, ब्लड सैंपलर ट्यूब में आग लग गई। इसके बाद जहरीला धुआं आईसीयू में भरने लगा।

यहां पर ट्रॉमा सेंटर और अस्पताल के आईसीयू को मिलाकर कुल 24 मरीज भर्ती थे। इन सभी को गंभीर स्थिति में भर्ती करवाया गया था। जैसे ही आग लगी, मरीजों को वहां से शिफ्ट किया जाने लगा। 11 मरीजों की हालत बहुत बिगड़ गई, इनमें से 7 ने मौके पर ही दम तोड़ दिया जबकि चार की हालत बेहद नाजुक है। अस्पताल में लगी आग इतनी भीषण थी की पूरा वार्ड जलकर खाक हो गया। अभी तक जिन 7 लोगों की मौत हुई है उसमें 3 भरतपुर, 2 जयपुर और एक सीकर का मरीज है। ये सभी मरीज आईसीयू में एडमिट थे।



**5-5 लाख सहायता राशि**

घटना की सूचना मिलते ही मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा तुरंत टरट अस्पताल पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उनके साथ चिकित्सा मंत्री जवाहर सिंह बेधम भी थे। सीएम ने मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख रुपये की सहायता राशि और घायलों के लिए मुफ्त इलाज का ऐलान किया। उन्होंने अस्पताल प्रशासन को जांच के सख्त निर्देश दिए।

# बिहार चुनाव की तारीखों का आज होगा एलान

**पटना।** बिहार चुनाव की तारीखों का आज ऐलान हो सकता है। निर्वाचन आयोग आज शाम 4 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस करेगा। सूत्रों के अनुसार, आयोग दो चरणों में चुनाव कराने की तैयारी कर रहा है। पहले चरण का चुनाव छठ यानी 27-28 अक्तूबर के तुरंत बाद कराया जा सकता है। निर्वाचन आयोग की तीन सदस्यीय टीम बिहार से दो दिवसीय समीक्षा यात्रा पूरी कर रविवार को दिल्ली लौट आई। सूत्रों के अनुसार, इस बार तीन के बदले दो चरणों का प्रस्ताव प्रवासी बिहारियों की छठ के बाद



वापसी को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। छठ के बाद पहले चरण में उत्तरी और मध्य जिलों को शामिल करने से मतदाता भागीदारी बढ़ सकती है।

इससे पहले रविवार को मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा था कि निर्वाचन आयोग बिहार के आगामी विधानसभा चुनावों में 17 नई पहल लागू करने जा रहा है। इनमें से कुछ पहल मतदान प्रक्रिया से पहले, कुछ उसके दौरान और कुछ प्रक्रिया खत्म होने के बाद से संबंधित हैं। कुमार ने कहा, पहली बार 100 फीसदी मतदान केंद्रों पर वेबकास्ट की सुविधा लागू की जा रही है। 243 सदस्यीय विधानसभा के लिए चुनाव 22 नवंबर को कार्यकाल पूरा होने से पूर्व कराए जाएंगे।

## वांगचुक अरेस्ट केस- सुप्रीम कोर्ट में 14 अक्टूबर तक सुनवाई टली

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को जोधपुर जेल में बंद सोशल एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक से जुड़ी हेबियस कार्पस (बंदी प्रत्यक्षीकरण) की याचिका पर सुनवाई हुई। जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने 14 अक्टूबर तक के लिए सुनवाई को टाला है।

कोर्ट में वांगचुक के वकील कपिल सिब्बल ने दलील में कहा- सोनम वांगचुक को जिन कारणों से हिरासत में लिया गया, उसकी कॉपी परिवार को नहीं सौंपी गई है। इस पर केंद्र सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा- हिरासत के कारण हिरासत में लिए गए व्यक्ति (वांगचुक) को पहले ही दिए जा चुके हैं। इसकी कॉपी वांगचुक की पत्नी को देने पर विचार किया जाएगा।

दरअसल, 24 सितंबर को लेह में हुई हिंसा भड़काने के आरोप में 26 सितंबर को राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत 26 वांगचुक को पुलिस ने हिरासत में लिया गया था। तब से वे जोधपुर जेल में हैं। 2 अक्टूबर को वांगचुक की पत्नी ने सुप्रीम कोर्ट में हेबियस कार्पस याचिका दायर की थी।

## कटक में हिंसा के बाद 36 घंटे का कर्फ्यू लागू

**कटक।** ओडिशा के कटक शहर में दुर्गा पूजा के पंडालों की मूर्ति विसर्जन के दौरान हुई हिंसक झड़पों के बाद प्रशासन ने 36 घंटे का कर्फ्यू लगा दिया है। यह कर्फ्यू 6 अक्तूबर रात 10 बजे से 7 अक्तूबर सुबह 10 बजे तक लागू रहेगा। ये कर्फ्यू भारतीय न्याय संहिता की धारा 163 के तहत लगाया गया है। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त नरसिंह भोला ने बताया कि इस दौरान सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठान बंद रहेंगे।

*विस्तृत खबर पेज 2 पर*



## प्रदेश में मौसम ने ली करवट

# 11 जिलों में बारिश के साथ ओले गिरने का अलर्ट



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मानसून के विदा होने से पहले पूरब और पश्चिम दोनों संभागों में जोरदार बारिश देखने को मिली है। अब पश्चिमी विक्षोभ के असर से सोमवार को पश्चिमी यूपी में ओले भी गिरने वाले हैं। मौसम विभाग ने सोमवार के लिए पश्चिमी तराई के सहारनपुर, शामली, बिजनौर समेत 15 जिलों में गरज चमक के साथ ओले गिरने की आशंका जताई है। वहीं पश्चिम के 13 जिलों में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान 30 से 40 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से तेज झोंकेदार हवाएं चलने की भी चेतावनी है। लगभग 38 जिलों में मेघ गर्जन के साथ वज्रपात की भी आशंका है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से सोमवार को पश्चिमी यूपी के कई जिलों में भारी बारिश और गरज चमक के साथ ओले गिरने की चेतावनी है। बुधवार से पूर्वी और पश्चिमी यूपी में मौसम के शुष्क रहने के संकेत हैं।

**यहां है ओलावृष्टि होने की संभावना**

सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, हापुड़, बुलंदशहर, अलीगढ़, कासगंज, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, संभल, बदायूं व आसपास के इलाकों में।

**यहां है भारी बारिश का येलो अलर्ट**

सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, हापुड़, बुलंदशहर, अलीगढ़, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, संभल व आसपास के इलाकों में।

**आज फिर बदल सकता है मौसम का मिजाज**

राजधानी में रविवार को दिन चढ़ने के साथ धूप खिली। पारा चढ़ने के साथ गर्मी भी बढ़ी। हवा में नमी ज्यादा होने के कारण दोपहर में तीखी धूप के साथ उमस बेकाबू होती गई। हालांकि सुबह और शाम के वक्त नमी से भरी ठंडी हवाओं के चलते ही गर्मी से थोड़ी राहत रही। रविवार को धूप की तेजी के चलते अधिकतम तापमान में करीब तीन डिग्री का उछाल दर्ज किया गया।

# दार्जिलिंग में बारिश-भूस्खलन

## अब तक 23 मौतें, उत्तर बंगाल में सड़कें-पुल ध्वस्त, कटा संपर्क



**कोलकाता।** उत्तर बंगाल और सिक्किम में लगातार हो रही भारी बारिश ने तबाही मचा दी है। दार्जिलिंग और कालिम्पोंग जिलों में पुल टूटने, भूस्खलन और बाढ़ से अब तक 20 लोगों की मौत हो चुकी है जबकि कई लोग लापता हैं। प्रशासन ने आशंका जताई है कि मृतकों की संख्या और बढ़ सकती है। इस मूसलाधार बारिश से सबसे ज्यादा नुकसान दार्जिलिंग, कालिम्पोंग और सिक्किम में हुआ है। बारिश के चलते मिरिक और सुकिया इलाके में कई जगह भूस्खलन हुआ है। दार्जिलिंग जिले के मिरिक में लैंडस्लाइड से कम से कम छह लोगों की मौत हो गई है। सड़कों पर कई जगह मलबा जम गया है और यातायात पूरी तरह बाधित है। सिक्किम से संपर्क टूट गया है।

जिले के कस्बों और पर्यटन स्थलों मिरिक और कुसेओंग को जोड़ने वाला दुदिया आयरन ब्रिज भी भरभराकर ढह गया है। भारी बारिश की वजह से फिलहाल सिलीगुड़ी-दार्जिलिंग स्टेट हाईवे-12 पर वाहनों की आवाजाही रोक दी गई है। एनडीआरएफ, स्थानीय प्रशासन और आपदा प्रबंधन दलों ने राहत-बचाव कार्य शुरू कर दिया है, लेकिन लगातार बारिश और फिसलन भरी सड़कों के कारण राहत कार्यों में दिक्कत आ रही है। प्रशासन ने लोगों से पहाड़ी रास्तों और नदी किनारों से दूर रहने की अपील की है।

भयावह बाढ़ को लेकर सीएम ममता बनर्जी ने चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि बाढ़ से प्रभावित परिवारों को सरकार हर संभव मदद देगी। सीएम ने कहा कि पिछले 12 घंटों से हो रही लगातार तेज बारिश ने पूरे राज्य में तबाही मचा दी है। इस भारी बारिश की वजह से कई लोगों की मौत हो गई और कई लोग अभी भी लापता हैं। वे सोमवार को उत्तर बंगाल दौरे पर आएंगी। इस बीच, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति ने दार्जिलिंग आपदा पर गहरा दुख जताया है। उन्होंने हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया है। अधिकारियों ने बताया कि यह हादसा दार्जिलिंग-सिलीगुड़ी रोड पर हुआ, जो पूर्वोत्तर राज्यों और उत्तर बंगाल को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग है। पुल ढहने का कारण बेहद तीव्र बारिश और पहाड़ी ढलानों में मिट्टी खिसकना बताया जा रहा है। कुछ हिस्से में सड़क धंसने और मिट्टी के मलबे ने मार्ग को पूरी तरह अवरुद्ध कर दिया है।

इस बीच, बंगाल पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, शनिवार रात हुई भारी बारिश के कारण दार्जिलिंग की कुछ सड़कों पर पानी भर गया, जिससे यातायात बाधित हुआ। सड़क साफ करने का काम चल रहा है और जल्द ही सामान्य यातायात बहाल होने की उम्मीद है। जो पर्यटक फंसे हुए हैं या जिन्हें सहायता की जरूरत है, वे दार्जिलिंग पुलिस नियंत्रण कक्ष से +91 91478 89078 पर संपर्क कर सकते हैं।

# कटक में बवाल: पुलिस पर हमला, तनाव के बीच इंटरनेट बंद



**कटक।** ओडिशा से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां कटक शहर दुर्गा पूजा विसर्जन जुलूस के दौरान दो गुटों के बीच झड़प और पत्थरबाजी हो गई। देखते ही देखते मामला इतना बिगड़ गया कि उपद्रवियों ने पुलिस पर भी हमला कर दिया। इस हिंसा में पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) समेत कई पुलिसकर्मी घायल हो गए। हालात को काबू में करने के लिए प्रशासन ने 24 घंटे के लिए मोबाइल डेटा और ब्रॉडबैंड सेवाएं बंद कर दी हैं। इसके साथ ही गुटीय संघर्ष के बाद हुई नई हिंसा को देखते हुए 13 थाना क्षेत्रों में निषेधाज्ञा लागू कर दिए गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह कदम उठाया गया है। पुलिस की कड़ी निगरानी जारी है ताकि स्थिति नियंत्रण में रहे। बता दें कि ये पूरा मामला चार अक्तूबर की रात का है, जब एक बजे भुसानी टाइम पर दुर्गा प्रतिमा विसर्जन का जुलूस निकल रहा था। तभी दो समुदायों के बीच किसी बात को लेकर बहस शुरू हो गई। बहस ने जल्द ही हिंसा का रूप ले लिया, और देखते ही देखते पत्थर और बोतलें चलने लगीं। हंगामा बढ़ता देख पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बीच-बचाव की कोशिश की। लेकिन उपद्रवियों ने पुलिस पर भी हमला कर दिया।

मीडिया रिपोर्ट की माने तो मूल झड़प शुक्रवार और शनिवार की रात को तेज आवाज में संगीत बजाने पर शुरू हुई थी, जिसके बाद पत्थरबाजी भी हुई थी। इसमें कटक डीसीपी ऋषिकेश ज्ञानदेव समेत कई लोग घायल हुए थे। मामले में पुलिस ने छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

# दवा कंपनी का सच तलाशने तमिलनाडु जाएगा विशेष जांच दल

**नई दिल्ली।** मध्यप्रदेश में कफ सिरप कोल्ड्रिफ पीने से 16 बच्चों की मौत के मामले की जांच अब एसआईटी करेगी। पुलिस ने इस मामले की जांच के लिए 12 सदस्यीय विशेष जांच दल का गठन किया है। मामले में डॉ. प्रवीन सोनी को गिरफ्तार कर निलंबित कर दिया गया है। आरोप है कि प्रवीण ने ही ज्यादातर बच्चों को ये कफ सिरप लिखा था। साथ ही कफ सिरप बनाने वाली कंपनी के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि एसडीओपी जितेंद्र सिंह जाट के नेतृत्व में बनी रब्ळ तमिलनाडु जाएगी और दवा कंपनी के कामकाज की जांच करेगी।

**कब्र से निकाला गया शव**

मामले की सच्चाई तक जाने के लिए शव पोस्टमार्टम भी किया जाएगा। इसके लिए इस अंतिम पीड़िता दो वर्षीय योगिता ठाकरे के शव को कब्र से बाहर निकाला गया है। अब हुई 16 मौतों में ये पहला पोस्टमार्टम होने जा रहा है।

**इलाज जारी, स्थिति गंभीर**

छिंदवाड़ा कलेक्टर ने बताया कि 8 बच्चे अभी नागपुर में इलाजरत हैं, जिनमें से तीन की हालत नाजुक बताई जा रही है। वहीं, बैतूल जिले में भी 2 बच्चों की मौत कोल्ड्रिफ सिरप से होने का संदेह जताया गया है।

**16 बच्चों की मौत; लगातार बढ़ रहा आंकड़ा**



**सिरप में 46.2% मिला डायएथिलीन ग्लाइकॉल**

कप सिरप की जांच रिपोर्ट शनिवार रात को सामने आई थी। जांच में पता चला कि इस सिरप में खतरनाक जहरीला रसायन मौजूद है। तमिलनाडु ड्रग्स कंट्रोल डिपार्टमेंट की लैब की जांच में कोल्ड्रिफ सिरप में 46.2% डायएथिलीन ग्लाइकॉल पाया गया।

**बेहद खतरनाक है ये डायएथिलीन ग्लाइकॉल**

डायएथिलीन ग्लाइकॉल ऐसा जहरीला रसायन जो आमतौर पर एंटी-फ्रीज और ब्रेक फ्लूइड में इस्तेमाल होता है। ये मानव शरीर में पहुंचते ही किडनी को पूरी तरह तबाह कर देता है। मध्यप्रदेश सरकार ने तत्काल प्रभाव से कोल्ड्रिफ सिरप और कंपनी की सभी दवाओं की बिक्री पर रोक लगा दी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने 6 राज्यों में दवा फैक्ट्रियों की गहन छानबीन शुरू कर दी है। अधिकारियों ने बताया कि मृतकों के परिवारों को मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा घोषित 4-4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता ट्रांसफर कर दी गई है।

**डॉक्टर की गिरफ्तारी पर विरोध**

डॉ. प्रवीण सोनी की गिरफ्तारी के विरोध में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने सोमवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी दी है। वहीं, कांग्रेस ने भी सरकार पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए फव्वारा चौक पर धरना-प्रदर्शन का एलान किया है। पुलिस ने डॉक्टर और कंपनी पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 105 (गैर इरादतन हत्या), 276 (दवा में मिलावट) और ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट की धारा 27अ के तहत केस दर्ज किया है।

स्वामी वीरेन अग्रवाल प्रकाशक विवेक खंडेलवाल मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित। **RNI Registration No., UPHIN/2021/88376। प्रधान संपादक अरविन्द सिंह। चेयरमैन-स्वतंत्र कुमार। प्रबंध निदेशक ब्रजेश सिकरवार।** E MAIL newsnextindia1@gmail.com, Website:-www.nnindianews.com
(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है )

NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
आगरा ब्रज
www.nnindianews.com
सोमवार, 06 अक्टूबर, 2025


# दो करोड़ की लूट का आरोपी मुठभेड़ में ढेर

## पुलिस अभिरक्षा से दिन में हुआ फरार, रात को एनकाउंटर में मारा गया, बाल-बाल बचे एसपी अनुज चौधरी

एनएनआई



**फिरोजाबाद।** रविवार दोपहर पुलिस अभिरक्षा से फरार दो करोड़ की लूट के मास्टरमाइंड नरेश को रात आठ बजे पुलिस ने मुठभेड़ में ढेर कर दिया। मक्खनपुर क्षेत्र में बाईपास स्थित होटल डीएमआर के पास हुई मुठभेड़ में थाना रामगढ़ के इंस्पेक्टर संजीव दुबे के दाहिने हाथ में गोली लग गई। वहीं एसपी देहात अनुज चौधरी बाल-बाल बचे। डीआईजी आगरा शैलेश पांडेय ने पुलिस टीम को 50 हजार का इनाम दिया है।

कुख्यात लुटेरे नरेश के साथ हुई मुठभेड़ में चर्चित पुलिस अफसर एसपी देहात अनुज चौधरी बाल-बाल बच गए। नरेश की ओर से की गई फायरिंग में एक गोली अनुज चौधरी की बुलेट प्रूफ जैकेट में जाकर लगी। गोली लगते ही उनको अन्य साथी पुलिसकर्मियों ने संभाला। तत्काल बुलेट प्रूफ जैकेट उतारकर देखी गई। गनीमत रही की गोली जैकेट को भेद नहीं पाई। अनुज चौधरी हाल ही में संभल से ट्रांसफर होकर फिरोजाबाद आए हैं। वह पेशेवर रेसलर हैं और अर्जुन अवार्ड धारक हैं।





दो करोड़ की लूट का मास्टरमाइंड नरेश अपने ही गैंग के अन्य सदस्यों के साथ धोखा कर रहा था। 30 सितंबर को लूट करते समय गिरोह के सभी छह सदस्य जल्दबाजी में जीके कंपनी की कार के एक गोपनीय हिस्से में रखी रकम को लूट ले गए थे। यह रकम सवा करोड़ रुपये के करीब थी। मगर, नरेश को अंदाजा था कि गाड़ी में कुछ और रकम हो सकती है।

उसने कंपनी की कार के चालक दानजी पटेल के साथ अपहरण के दौरान मारपीट की और मुंह में हथियार घुसा कर इस बारे में पूछा। दानजी पटेल ने उसे कार के दूसरे गोपनीय हिस्से में और रकम होने की बात बता दी। इसके बाद नरेश अकेला वापस आया और कार से उस हिस्से में रखे करीब करीब पौने एक करोड़ रुपये को अकेला ले गया और यह बात अपने गैंग के सदस्यों को नहीं बताई। इस बात का खुलासा शनिवार देर रात पुलिस की कड़ी पूछताछ में नरेश ने खुद किया। इसके बाद पुलिस रात को ही नरेश को लेकर अलीगढ़ के खैर गई और वहां से 20 लाख रुपये और बरामद किए। इसके बाद रविवार सुबह पुलिस को नरेश से पता लगा कि कुछ रकम को उसने घटनास्थल पर ही छिपा दिया था। इस पर पुलिस उसे लेकर रविवार दोपहर करीब एक बजे मक्खनपुर के गांव घुनपई के समीप सर्विस रोड किनारे जा रही थी।

**बस से लेकर ऑटो, कार तक सब खंगाले**

पुलिस ने नरेश के फरार होने के बाद हाई अलर्ट घोषित कर दिया। हाईवे से गुजरने वाली सभी बसों, कारों, ऑटो व अन्य वाहनों की चेकिंग की गई। मगर, उसका कहीं सुराग नहीं लगा। इटावा और आगरा बॉर्डर पर भी चेकिंग की गई। मगर, वहां भी उसका कोई सुराग किसी वाहन में नहीं लगा था।

**दिन में पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर लगे दाग रात में धुले**

फिरोजाबाद। नरेश को पुलिस की जो टीम बरामदगी के लिए घटनास्थल के पास लेकर गई थी, उस टीम को खुद मक्खनपुर इंस्पेक्टर चमन शर्मा लीड कर रहे थे। उनके साथ अन्य तीन पुलिसकर्मी भी थे। मगर, इन सभी की चरा सी चूक ने पुलिस महकमे की दिन में किरकिरी करा दी। मगर रात में मुठभेड़ में उसे ढेर किए जाने पर पुलिस के माथे से यह दाग धुल गया।

फरारी की वारदात के पहले हुए घटनाक्रम ने यह भी साफ कर दिया था कि अपराधी नरेश की यह फरार होने की सोची-समझी साजिश थी, जिसे पुलिस समझ नहीं सकी। दरअसल, नरेश ने सुबह से ही पेट खराब होने की बात पुलिस को बताना शुरू कर दिया था। वह थाने के शौचालय में भी दो बार गया था। इसके बाद उसने पुलिस को बताया कि उसने घटनास्थल के पास ही कुछ रकम छिपा दी थी, पुलिस को उसकी बातों पर यकीन हुआ और उसे लेकर घटनास्थल की ओर रवाना हो गई।

साजिश के तहत नरेश ने पुलिस को रास्ते में पेट खराब होने की बात कहते हुए रोका और झाड़ियों में शौच के लिए चला गया और वहां से पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। इस मामले में उच्चाधिकारियों का कहना है कि पुलिस की लापरवाही के संबंध में सीओ शिकोहाबाद प्रवीण कुमार तिवारी जांच कर रहे हैं। अगर, पुलिस की जरा भी लापरवाही सामने आई तो कड़ी कार्रवाई तय है।

## वृंदावनः बांकेबिहारी मंदिर में वीआईपी पर्ची हुई बंद

एनएनआई

**मथुरा।** श्री बांकेबिहारी मंदिर में नई व्यवस्थाओं को लागू करने में थोड़ा समय लग रहा है। हाईपावर्ड कमेटी के सचिव डीएम के लिखित आदेश मंदिर में तो पहुंच गए हैं, लेकिन अभी किसी आदेश को लागू नहीं करा पाए हैं। केवल वीआईपी पर्ची व्यवस्था को ही बंद किया गया है। इसके अतिरिक्त कोई भी आदेश लागू नहीं हुआ है। समय परिवर्तन को लेकर तो गोस्वामीजन का विरोध तक झेलना पड़ रहा है। सेवायतों ने साफ शब्दों में कह दिया है कि किसी प्रकार की जबर्दस्ती की गई तो वह प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे।

विदित हो कि पिछले दिनों श्री बांकेबिहारी मंदिर हाईपावर्ड कमेटी ने मंदिर की व्यवस्थाओं को लेकर कुछ आदेश दिए थे। कमेटी के सचिव जिलाधिकारी सीपी सिंह ने कमेटी के अध्यक्ष द्वारा दिए गए समय परिवर्तन से लेकर मंदिर में रैलिंग व्यवस्था, सेवायतों तथा उनके शिष्यों संबंधी



आदेशों को जारी किया और मंदिर में नोटिस बोर्ड पर आदेश को लगवा दिया गया, लेकिन मंदिर के सेवायत किसी भी आदेश को नहीं मान रहे हैं। मंदिर के सेवायत और कमेटी के सदस्य दिनेश गोस्वामी का कहना है कि यह बड़ी विचित्र स्थिति है कि मंदिर में श्रद्धालुओं के हित में हाईपावर्ड कमेटी के आदेशों को भी दरकिनार किया जा रहा है। कमेटी के अध्यक्ष हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज अशोक कुमार के आदेशों को लागू कराएं, यह जिम्मेदारी स्थानीय प्रशासन की है। सेवायतों को भी यह समझना चाहिए कि जो भी काम किया जा रहा है, वह श्रद्धालुओं के हित को ध्यान में रखकर किया जा रहा है।

## फिरोजाबाद के दुर्गा टेंट हाउस में भीषण आग

**फिरोजाबाद** एनएनआई। सिरसागंज क्षेत्र में स्थित दुर्गा टेंट हाउस में सोमवार तड़के भीषण आग लग गई। सुबह करीब 5:30 बजे हुई इस घटना में बिजली के शॉर्ट सर्किट को आग लगने का कारण बताया जा रहा है। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते पूरा गोदाम जलकर राख हो गया। सूचना मिलते ही क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। मौके पर पहुंची तीन दमकल गाड़ियों ने घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि, तब तक गोदाम में रखा लाखों रुपये का सामान पूरी तरह जल चुका था।यह टेंट हाउस अमित गुप्ता पुत्र स्व. कपूर चंद्र गुप्ता का है, जो पिछले 25 वर्षों से सिरसागंज में संचालित हो रहा था। यह स्थानीय स्तर पर विवाह और अन्य आयोजनों के लिए प्रसिद्ध था। गोदाम में टेंट के कपड़े, कुर्सियां, सजावट का सामान, बांस, लोहे की पाइपें और जनरेटर सहित बड़ी मात्रा में सामग्री रखी हुई थी।



## एटा रोड पर बोलेरो, बाइक और ऑटो की भिड़ंतः एक की मौत, पांच घायल

एनएनआई

**फिरोजाबाद।** एटा रोड पर देर शाम बोलेरो, मोटरसाइकिल और ऑटो की भिड़ंत हो गई। इस दुर्घटना में ऑटो सवार एक युवक की मृत्यु हो गई, जबकि छह अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

यह घटना निहाल सिंह पुलिया के पास हुई। एक बोलेरो पचोखरा से टूंडला की ओर जा रही थी, तभी उसने आगे चल रहे एक ऑटो को ओवरटेक करने का प्रयास किया। इसी दौरान बोलेरो ने सामने से आ रहे बाइक सवार अनिल प्रताप को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद बोलेरो अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे चल रहे ऑटो से भी जा टकराई, जिससे ऑटो पलट गया।



दुर्घटना में बाइक सवार अनिल प्रताप गंभीर रूप से घायल हो गए। ऑटो चालक मुकीम और ऑटो में सवार इसरार, इरफान, तौहीद, इशरत और शाकिर भी घायल हो गए। पुलिस ने सभी घायलों को एफएच मेडिकल कॉलेज भेजा। गंभीर हालत के कारण बाइक सवार अनिल प्रताप को परिजन आगरा ले गए। उपचार के दौरान ऑटो सवार इशरत की मृत्यु हो गई। अन्य घायलों का इलाज जारी है।

इंस्पेक्टर अंजीश कुमार ने बताया कि दुर्घटना में एक युवक की मृत्यु हुई है और अन्य घायलों का इलाज चल रहा है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बोलेरो को कब्जे में ले लिया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है। बोलेरो पर 'भारतीय किसान यूनियन किसान' लिखा हुआ था।

NNI हर खबर पर पक्की नज़र न्यूज नेक्स्ट इंडिया



आगरा उटंगन हादसाः कंप्रेसर की मदद से निकाला गया एक और मृतक

# अब भी दलदल में फंसे हैं छह युवक 100 घंटे से अधिक समय बीता

एनएनआई

**आगरा।** नदी में डूबे युवकों को तलाशने के लिए चलाए गए सर्च ऑपरेशन को रविवार को 100 घंटे पूरे हो गए। रविवार को टूटती उम्मीद में सेना का नया प्लान काम आया। इसके लिए ग्रामीणों ने भी मेहनत की। भूमिगत सबमर्सिबल पंप को बाहर निकालने में मददगार कंप्रेसर का सहारा लिया गया। इस देसी जुगाड़ ने काम करते हुए आधा घंटे में शव को बाहर निकाल दिया। इससे अब पीड़ित परिवारों में अपनों के अंतिम बार मिलने की उम्मीद बंध गई है। सोमवार को सर्च शुरू होगा तो तीन कंप्रेसर की मदद से स्कूबा डाइवर अभियान चलाएंगे।



खेरागढ़ स्थित उटंगन नदी में डूबे 12 लोगों को निकालने के लिए 2 अक्तूबर को शाम 6 बजे से बृहद स्तर पर सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया था। पहले दिन एसडीआरएफ के 20 जवान पहुंचे थे। शुक्रवार को एनडीआरएफ को बुलाया गया। इसके बाद 50 पैरा ब्रिगेड की 411 पैरा फील्ड यूनिट का दल पहुंचा। 4 टीमों में शामिल 7-7 स्कूबा डाइवर ने ऑक्सीजन सिलिंडर और रस्सी की मदद से पानी के अंदर जाकर देखा। मगर पानी में मिट्टी अधिक होने के कारण दिक्कत का सामना करना पड़ा। नदी में पानी का स्तर 3 से 4 फीट तक ही था। इस कारण हाथ लगाकर मिट्टी में तलाश की गई। हालांकि गड्डे में ऐसा नहीं हो सका।

शनिवार को बांध बनाया गया। मगर यह भी कारगर नहीं हुआ। नदी में रात के समय पानी का स्तर बढ़ने की वजह से बांध डूब गया। रविवार को एक बार फिर बांध बड़ा करने और पानी की धारा को मोड़ने के लिए एक तरफ से बनाए गए नाले को 30 से 40 फीट तक चौड़ा कर दिया। मगर इससे भी घटनास्थल और नदी में पानी का स्तर कम नहीं हो सका। इससे लोगों की उम्मीद टूटने लगी। सब्र भी जवाब देने लगा था। वहीं सर्च ऑपरेशन में लगे सभी दलों के जवानों की भी गति धीमी हो गई थी। इसको देखते सैन्य टीम ने प्रशासनिक अधिकारियों से बात की।

**जमीन में फंसे सबमर्सिबल पंप निकालने में होता है इस्तेमाल**

चेयरमैन खेरागढ़ सुधीर गर्ग ने बताया कि जिन कंप्रेसर को नदी में फंसे लोगों को निकालने के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है, उनका प्रयोग जमीन के अंदर 100 से 300 फीट तक फंसे सबमर्सिबल पंप को बाहर निकालने में किया जाता है। कई बार पंप बालू के आने की वजह से फंस जाते हैं। ऐसे में कारीगर कंप्रेसर से हवा के पाइप को भूमिगत पंप की पाइप लाइन में डालते हैं। हवा का दबाव काफी तेज होता है। इससे मिट्टी या बालू हट जाती है और पंप बाहर आ जाते हैं। अब उटंगन में लोगों को निकालने के लिए 3 कंप्रेसर को लगाया जाएगा।

# घर-घर कचरा उठाने की व्यवस्था हुई 'कचरा'

एनएनआई

- पार्षद की शिकायत पर हुआ खुलासा
- नगर निगम ने रोक दिया भुगतान, निरस्त होगा टेंडर

**आगरा।** घर-घर कचरा उठाने के काम में खेल करने पर स्वच्छता कॉरपोरेशन कंपनी पर नगर निगम निगम ने सख्ती दिखाई है। निगम ने कूड़ा उठाने का काम संभाल रही कंपनी का दो महीने का भुगतान रोकने के साथ ही टेंडर निरस्त करने की चेतावनी दी है। इसके लिए लेकर कारण बताओ नोटिस जारी किया है। साथ ही उससे अभी तक हर वार्ड में लगाए गए कर्मचारियों, वाहनों का पूरा ब्योरा तलब किया है।

पिछले महीने हुई सदन की बैठक में कई पार्षदों ने इस संबंध में शिकायत की थी। लोगों से मिली शिकायतों के आधार पर पार्षदों ने दावा किया कि कई क्षेत्रों से कूड़ा उठाया ही नहीं जा रहा है। कर्मचारी आते भी हैं तो घरों से कूड़ा नहीं ले रहे बल्कि मोहल्ले के प्रमुख चौराहे से होते हुए निकल जाते हैं जिससे लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। बैठक में कंपनी से पूरा रिकॉर्ड तलब करने का फैसला लिया गया था।

सहायक नगर आयुक्त अशोक प्रिय गौतम ने बताया कि कंपनी से सभी जानकारियां मांगी गई हैं। टेंडर की शर्तों के अनुरूप काम करने को कहा गया है। अगर इसके बाद भी कंपनी कार्यशैली में सुधार नहीं करती तो उसका टेंडर निरस्त करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। कंपनी को हर घर पर दस्तक देकर कचरा उठाना था। हालांकि, कंपनी ने ऐसा नहीं किया। खासकर अपार्टमेंट और निजी कॉलोनियों में कर्मचारी नहीं पहुंचे। ऐसे में लोगों को निजी सफाईकर्मियों को ज्यादा पैसे देकर कचरा उठवाना पड़ रहा है। हालांकि, वह कर्मी भी आसपास के क्षेत्र में ही कूड़ा डंप कर नए डलावघर बना रहे हैं।

# सेल्समैन को धारदार हथियार से बोला हमला किया लहुलुहान

- पीड़ित ने तीन आरोपियों के खिलाफ दी तहरीर, पुलिस जांच में जुटी

**आगरा।** थाना ट्रांस यमुना क्षेत्र के कालिंदी विहार में रविवार शाम एक सेल्समैन को तीन युवकों ने धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। घायल ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

पीड़ित आकाश कुमार, निवासी राधा कुंज कालिंदी विहार ने पुलिस को बताया कि वह डेली नीड्स के सामान का सेल्समेन है। रविवार शाम करीब साढ़े चार बजे वह ज्योति कुंज कालिंदी विहार स्थित एक दुकान पर सामान देने गया था। इसी दौरान वहां मौजूद आशीषष विशाल, निवासी ज्योति कुंज कालिंदी विहार और डीके निवासी गली नंबर चार टेड़ी बगिया ने उससे मारपीट शुरू कर दी। धारदार हथियार से हमला कर दिया। उसके सिर में गंभीर चोट आई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। थाना प्रभारी रोहित कुमार ने बताया कि पीड़ित का मेडिकल कराया गया है। उसके द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

# युवती से छेड़छाड़, आरोपी फरार

**आगरा एनएनआई।** थाना ट्रांस यमुना क्षेत्र में एक युवती के साथ जबरन होटल ले जाकर छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने थाने में आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। शनिवार शाम करीब 6 बजे पीड़िता अपनी नौकरी से फाउंड्री नगर से डॉक्टर पीके गुप्ता के पास जा रही थी। तभी बन्टी नामक व्यक्ति ने जबरदस्ती उसे अपनी बाइक पर बैठा लिया और 80 फुटा रोड स्थित एक होटल में ले गया। होटल के कमरे में आरोपी ने उसके साथ छेड़छाड़ की। युवती शोर मचाते हुए किसी तरह वहां से भाग निकली और अपने भाई को फोन कर घटना की जानकारी दी। पीड़िता ने पुलिस में आरोपी के खिलाफ शिकायत की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत कर मामले की जांच शुरू कर दी है।


## वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

- प्रबंधक विज्ञापन

समाचार पत्र में छपे किसी भी लेख के लिए प्रधान संपादक उत्तरदायी नहीं है। प्रकाशित विभिन्न रचनाओं के लिए लेखक स्वयं उत्तरदायी है। समाचार पत्र में प्रकाशित सामिग्री / विज्ञापन आदि से प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र सिर्फ आगरा होगा।


# भरतपुर का हॉस्पिटल लापरवाही का दोषी करार, देनें होंगे 75 हजार

- जिला उपभोक्ता आयोग आगरा ने सुनाया फैसला

**आगरा एनएनआई।** जिला उपभोक्ता आयोग ने इलाज में लापरवाही बरतने पर भरतपुर के एक हॉस्पिटल के डॉक्टर पति-पत्नी को दोषी मानते हुए हजार्ना देने का आदेश दिया है।

घटना 25 सितंबर 2021 की है। आगरा निवासी प्रसूता रीना शर्मा भरतपुर के दी। वह हॉस्पिटल में अपने चैकअप कराने गईं थीं। डॉक्टर के कहने पर अल्ट्रासाउंड कराया गया, जिसमें बच्चे को उल्टा बताया गया। डिलीवरी कि तिथि 8 नवंबर 2021 बताई गयी थी। अल्ट्रासाउंड के बाद डाक्टर ने रीना के परिजनों को बताया कि बच्चा उल्टा है डिलिवरी ऑपरेशन से होगी। प्रसूता के पति ने कहा कि अभी न तो इसको दर्द हैं और नही अभी डिलिवरी की तारीख। ऑपरेशन ही कराना है तो आगरा के किसी हॉस्पिटल में करायेंगे। इस चिकित्सक ने प्रसूता पर चढ़ रही बोतल में कोई दवा डाल दी। प्रसूता को घबराहट होने लगी। हॉस्पिटल के स्टाफ ने बताया ब्लड प्रेशर बढ़ रहा है। उसे रात वहीं भर्ती कर लिया। सुबह प्रसूता के परिजनों को बताया कि अभी ऑपरेशन करना पड़ेगा नहीं तो जच्चा और बच्चा दोनों की जान को खतरा है। प्रसूता का पति इस ऑपरेशन को तैयार नहीं हुआ तो जान का खतरा बता कर प्रसूता के चचेरे भाई से ऑपरेशन फार्म पर हस्ताक्षर करा लिए। ऑपरेशन से बच्ची को तो सुरक्षित निकाल लिया लेकिन पेट के अंदर तीन जगह से मासपेशियां काट दीं। ब्लड रिसाव होने से मरीज को दर्द होने लगा और पेट फूल गया। डॉक्टर ने इसको एसिड बता दिया। जब मरीज की हालत में सुधार नहीं हुआ तो मरीज को आगरा रेफर करा ले गए।

आगरा के हॉस्पिटल में दो आपरेशन किए गए। कई दिन आईसीयू में एडमिट रहने के बाद मरीज की जान बची। पीड़ित ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। जिला उपभोक्ता आयोग ने चिकित्सक को इलाज में लापरवाही का दोषी मानते हुए 40 हजार का अर्थ दंड लगाया। साथ ही मानसिक क्षति के रूप में 35 हजार जुमार्ना लगाया। तीस दिन के अंदर भुगतान न करने पर छह प्रतिशत ब्याज का पीड़ित हकदार होगा।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की दशरथ शाखा ने मनाई विजयदशमी, किया शस्त्र पूजन

**आगरा एनएनआई।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ(आर एस एस) की दशरथ शाखा द्वारा विजयदशमी उत्सव का नीलकंठ महादेव मंदिर, शहीद पार्क ,अर्जुन नगर पर किया गया। बौद्धिक कार्यक्रम महानगर प्रचारक मंजीत का रहा। राष्ट्रीय स्वयं सेवकसंघ के स्वयंसेवकों द्वारा आद्य सरसंघचालक परमपूज्य डॉ केशव बलिराम हेडगेवार व द्वितीय सरसंघचालक माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर शस्त्र पूजन का कार्यक्रम किया।

बौद्धिक कार्यक्रम में महानगर प्रचारक द्वारा हमारे भारतवर्ष के गौरवशाली इतिहास के बारे में सभी उपस्थितजनों को अवगत कराया। उन्होंने आज के भारतीय परिवेश में सामाजिक एकता,कुटुंब प्रबोधन,सामाजिक सद्भाव और पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता मदन मोहन उपाध्याय द्वारा की गई। विजयदशमी उत्सव के इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग बौद्धिक प्रमुख संजय मगन, ब्रज प्रांत क्रीड़ा भारती के मोहित वर्मा,महानगर योग प्रमुख के सी लवानिया, समाजसेवी अखिलेश अग्रवाल,नगर कार्यवाह प्रमेंद्र



शर्मा, पर्यावरण प्रेमी अमित लवानिया, समाजसेवी विकास भारद्वाज, जितेंद्र सिकरवार, पवन खंडेलवाल, योगेंद्र अवस्थी, देवेंद्र खंडेलवाल, गौरव अग्रवाल, दिनेश रावत, आयुष, वाई एन शर्मा, डॉ सुधीर गोयल, पार्षद इंद्रपाल सिंह, मोहित पाराशर, राजीव सिकरवार, मातृशक्ति से शशि उपाध्याय, विधु अवस्थी, गिरिजेश अग्रवाल आदि सहित सैकड़ों स्वयंसेवक की उपस्थिति रही।

NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
आगरा
www.nnindianews.com
सोमवार, 06 अक्टूबर, 2025


# मां जीजाबाई की प्रेरणा से जीवंत हुए शिवाजी महाराज के आदर्श



एनएनआई

**आगरा।** शौर्य, पराक्रम, समर्पण और विश्वास के साथ दूरदर्शी सोच की गाथा ने आगरा के कलाकृति कन्वेंशन सेंटर में महा नाट्य की जीवंतता ने वर्तमान परिदृश्य को विकास की राह दिखाई। दिव्य प्रेम सेवा मिशन के महा नाट्य जाणता राजा के दूसरे दिन भाव, भक्ति और पराक्रम का अनुपम संगम देख दर्शक भावविभोर हो उठे। तुलजा भवानी माता की पूजा-अर्चना से शुरू हुए महानाट्य में शिवाजी महाराज की मातृभक्ति और दिव्य आस्था का अलौकिक चित्रण हुआ। तुलजा भवानी की आराधना से संदेश दिया गया कि शिवाजी के संपूर्ण जीवन का आधार मातृशक्ति और धर्मशक्ति थी। कृष्ण भक्ति के प्रसंग भी हृदय को छू गए। तुम हो कृष्ण कन्हाई गीत से शिवाजी महाराज के भक्तिभाव और ईश्वर के प्रति समर्पण की झलक ने वातावरण को आध्यात्मिक बना दिया। युद्धभूमि और राजनीति के बीच भी भक्ति, विनम्रता और आस्था का यह संतुलन दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर गया। मां जीजाबाई की भूमिका ने नाटक में भावनात्मक गहराई जोड़ी। उनके चरित्र से यह दिखाया गया कि शिवाजी महाराज के संस्कार, राष्ट्रनिष्ठा और स्त्री सम्मान की नींव जीजाबाई के मार्गदर्शन में ही पड़ी। मां जीजाबाई का धैर्य, दूरदृष्टि और धार्मिक संस्कार शिवाजी के जीवन की दिशा बन गए। नाटक में जब जीजाबाई पुत्र शिवाजी को धर्म, नीति और मयार्दा का पाठ पढ़ाती हैं, तो पूरा सभागार श्रद्धा से नतमस्तक हो जाता है। मंचन के प्रमुख दृश्यों में से एक रहा शिवाजी महाराज कायुद्ध में पराजित शत्रु पक्ष की महिलाओं के प्रति आदर और संरक्षण का भाव।

- जाणता राजा के मंचन ने किया दर्शकों को भाव-विभोर
- तुलजा भवानी की आराधना, कृष्ण भक्ति का दिखा संगम

मंच पर कोंकड़ के जल बंदरगाह, पहली समुद्री सेना की तैयारी और युद्ध की रणनीति दर्शकों के सामने जीवन्त हो उठी। साथ ही कुआं खुदाई और किले की संरचना का विस्तृत चित्रण नाटक में दिखाया गया। दर्शकों ने नाटक को अद्भुत, भव्य और प्रेरणादायक बताया। प्रकाश, ध्वनि, संगीत और संवादों के उत्कृष्ट समन्वय ने हर दृश्य को सजीव बनाया। नाटक जाणता राजा में तेजस्विनी नागरे ने जीजाबाई की ऐसी छवि प्रस्तुत की, जो हर मां के लिए प्रेरणा बनती है। जीजाबाई की दृढ़ इच्छाशक्ति, मातृत्व की संवेदनशीलता और राष्ट्रप्रेम ने मंच पर दर्शकों को भावविभोर किया।

## शिवाजी महाराज के आदर्शों से लें प्रेरणाः प्रो. बघेल

**स्वराज्य के सिद्धांतों से युवा शक्ति को करें जागृतः महामंडलेश्वर**

**जाणता राजा महानाट्य के दूसरे दिन हुआ भव्य आयोजन**



**आगरा (एनएनआई)।** दिव्य प्रेम सेवा मिशन के जाणता राजा महानाट्य के दूसरे दिन छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन, स्वराज्य की भावना और राष्ट्रभक्ति के आदर्शों की गूंज सुनाई दी। मां तुलजा भवानी की आरती से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस मौके पर मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल ने कहाकि छत्रपति शिवाजी महाराज जैसे महान पुरुषों का सम्मान ही हमें सच्चे राष्ट्रवाद की प्रेरणा दे सकता है। आगरा की जनता को गर्व होना चाहिए कि इस नगर के सिपाहियों ने औरंगजेब की कैद से शिवाजी और संभाजी महाराज को मुक्त कराने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई। बघेल ने कहा कि शिवाजी महाराज ने हिंदवी स्वराज की स्थापना कर स्वतंत्रता की ज्योत प्रज्ज्वलित की। गोरिल्ला युद्धकला को विकसित किया। भारत की पहली नौसेना बनाई और शासन को लोककल्याणकारी स्वरूप देने के लिए अष्टप्रधान मंडल की स्थापना की। उन्होंने कहाकि जो समाज अपने पुरखों का सम्मान नहीं करता। वह कभी आगे नहीं बढ़ता। ऐसे मंचनों से सोच में परिवर्तन और संघर्ष की प्रेरणा मिलती है। प्रो. बघेल ने कहाकि औरंगजेब ने छलपूर्वक शिवाजी और संभाजी महाराज को आगरा में कैद किया था, लेकिनयहां के हिंदू सिपाहियों और सेवकों ने लड्डू के टोकरों में छिपाकर उनकी मुक्ति का मार्ग प्रशस्त किया। उन्होंने कहाकि हमारे माथे पर कोई कलंक नहीं है, क्योंकि औरंगजेब हमारा पुरखा नहीं है। हमारे सच्चे पुरखे राणा प्रताप, पृथ्वीराज चौहान, शिवाजी.संभाजी महाराज, जीजाबाई, महाराजा सूरजमल और गुरु नानक देव हैं। विशिष्ट अतिथि महामंडलेश्वर आचार्य राम चरण दास ने कहाकि छत्रपति शिवाजी महाराज का जीवन सनातन संस्कृति की रक्षा का प्रतीक है। महामंडलेश्वर ने कहाकि भारत में हर महानायक को किसी न किसी सद्गुरु का मार्गदर्शन मिला। श्रीराम को वसिष्ठ, श्रीकृष्ण को संदीपनि मुनि और शिवाजी को समर्थ गुरु रामदास का सान्निध्य प्राप्त था। आज जब समाज में युवाओं को भटकाने की साजिशें चल रही हैं, तब आगरा की यह धरती सनातन संस्कृति और राष्ट्रप्रेम का संदेश पूरे देश में प्रसारित कर रही है। इस मौके पर उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति श्री प्रकाश, मंडलायुक्त शैलेन्द्र कुमार सिंह, डीआईजी शैलेश कुमार, आशीष गौतम भैया, राकेश गर्गए सीए और संजीव माहेश्वरी ने भी अपने विचार रखे। इस दौरान संजय चतुवेर्दी, महेश चतुवेर्दी, अभय कुमार पाल, विधायक छोटेलाल वर्मा, भाजपा महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, अभिनव मौर्य, अवधेश माहेश्वरी, मनोज पवार, विहिप के केंद्रीय मंत्री दादा वेदक, दिनेश शर्मा, दीपक ऋषि, संत बाबा प्रीतम सिंह, ललित शर्मा, गोविद दुबे, मोनू दुबे, दिग्विजय नाथ तिवारी, राहुल जोशी, चेतन गर्ग, पंकज पाठक, मधु बघेल, मनीष थापक और मोहित सोलंकी आदि उपस्थित रहे।

# शिक्षा और कौशल विकास को जोड़ते हुए तैयार की जाएं योजनाएं

- राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रभावी क्रियान्वयन और विकसित उत्तर प्रदेश 2047 फंस बैठक

एनएनआई

**आगरा।** मंडलायुक्त कार्यालय में प्रो. डीपी सिंह, शिक्षा सलाहकार मुख्यमंत्री उप्र व पूर्व अध्यक्ष विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की अध्यक्षता में हुई बैठक में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रभावी क्रियान्वयन और विकसित उत्तर प्रदेश 2047 विषय पर चर्चा की गयी।

बैठक में भौतिक परिवेश में स्थानीय परिस्थितियों और आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए शिक्षा व कौशल विकास को जोड़ते हुए योजना तैयार किए जाने पर जोर डाला गया। शिक्षा सलाहकार द्वारा विकसित भारत 2047 के तहत जनपद में चल रही गतिविधियों के बोर में अधिकारियों से जानकारी की गयी। सीडीओ प्रतिभा सिंह ने शैक्षिक संस्थानों में विभिन्न गतिविधियों के बारे में बताया। अध्यक्ष द्वारा निर्देश दिए गए कि पंचायत विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, व्यापार मण्डल के प्रतिनिधियों, ग्राम प्रधानों के साथ मिलकर संयुक्त कार्यक्रम कर फील्ड विजिट कराए जाएं और क्यूआर कोड जनरेट कर उसका प्रचार प्रसार करते हुए फीडबैक और सुझाव प्राप्त किए जाएं। उक्त गतिविधियों में सभी विभाग शत प्रतिशत सहभाग करें। राजकीय आईटीआई कॉलेजों के प्रधानाचार्यों को निर्देशित किया कि समय-समय पर रोजगार मेले आयोजित किए जाएं। कॉलेजों से बेहतर प्रदर्शन कर अन्य क्षेत्रों में जाने वाले छात्र-



छात्राओं के साथ कनेक्ट स्टेबलिस पद्धति के आधार पर जोड़ा जाए। ताकि रोजगार मेल जैसे आयोजनों में प्रतिभाशाली छात्र-छात्राएं अन्य के रूप में मॉडल के रूप में रहें।

बेसिक, माध्यमिक और उच्च शिक्षा विभाग में चल रही गतिविधियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप मानव संसाधन विकसित करने होंगे, इसके लिए डवलपमेंट प्लान के साथ साथ एजूकेशनल प्लान को आपस में जोड़ना होगा। मुख्यमंत्री की प्राथमिकता के आधार पर कहा कि वन डिस्ट्रिक्स, वन प्रोजेक्ट को विकसित किया जाए, जिससे स्थानीय लोगों को अपने जनपद में ही रोजगार मिल सके और उनकी दक्षता अपने क्षेत्र में इतनी बेहतर हो कि उनकी मांग देश ही नहीं विश्वभर में हो।

उन्होंने यह भी कहा कि शैक्षिक संस्थानों में अधिकारियों द्वारा निरीक्षण के समय अलग-अलग वर्ग के स्थानीय लोगों से भी वार्ता कर उनके सुझाव लिए जाएं और आवश्यकतानुसार उनका पालन करते हुए निरीक्षण में मिलने वाली कमियों को दूर किया जाए। उच्च शिक्षा से जुड़े अधिकारियों को सुझाव दिया कि स्किल डवलपमेंट के लिए लोगों में भाषा सिखाने संबंधी कोर्स कराए जाएं।

साथ ही यह भी सुझाव दिया कि उच्च शिक्षा से जुड़े शैक्षिक संस्थान आपसी सहयोग का फामूर्ला अपनाते हुए अपने-अपने यहां चल रही गतिविधियों को साझा करें, इसके भी बेहतर परिणाम सामने आएंगे। उन्होंने शैक्षिक संस्थानों के स्टाफ के लिए कल्चर ऑफ एप्रीपिएशन एवं कल्चर ऑफ पनिसमेंट के आधार पर कार्य करने का सुझाव दिया।

बैठक में राजेश कुमार अपर आयुक्त (प्रशासन) आगरा, सीडीओ प्रतिभा सिंह, डॉ .राजेश प्रकाश क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक) आगरा, संयुक्त निदेशक व्यावसायिक शिक्षा, प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई बल्केश्वर, आगरा जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, आगरा नोडल अधिकारी टैक्निकल एजुकेशन, एमआईएस उप्र कौशल विकास, प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई खेरागढ, प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई, बाह, प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई, एत्मादपुर, आगरा, डीन एलडीएएच आरईसी, मैनपुरी, जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी आगरा, प्रधानाचार्य आरबीएस कॉलेज आगरा, रजिस्टार डॉ. भीमराव अम्बेडकर यूनिवर्सिटी आगरा, प्रधानाचार्य आगरा कॉलेज आगरा, प्रधानाचार्य सेन्ट जोन्स कॉलेज, आगरा आदि उपस्थित रहे।

# कमजोर गर्भाशय में भी मिल सकेगा मां बनने का सुख

- डॉ. हाफिज रहमान ने कमजोर गर्भाशय में जाली (मेश) लगाकर पांच महिलाओं की कराई सफल डिलीवरी

एनएनआई

**आगरा।** अब कमजोर गर्भाशय को मेश (जाली) लगाकर मजबूत बनाए जाने से ऐसी महिलाओं को भी मां बनने का सुख मिल सकेगा, जो गर्भ धारण नहीं कर पाती थीं। कोचीन के डॉ.हाफिज रहमान ने हर्निया में लगाई जाने वाली जाली (मेश) को गर्भशय पर लगाकर ऐसी पांच महिलाओं की डिलीवरी करवाई है, जो मां बनने की उम्मीद छोड़ चुकी थीं। विश्व में पहली बार ऐसी सफलता भारत में डॉ. हाफिज की इजाद तकनीक (मेश प्लास्टी ऑफ यूट्स) से मिली है। आगरा के डॉ. अमित टंडन ने भी एक ऐसी महिला की डिलीवरी करवाई जो गर्भाशय कमजोर होने के कारण उनके पास गर्भपात के लिए आई थी। दो दिवसीय कार्यशाला में डॉ. हाफिज रहमान ने बताया कि अक्सर गर्भाशय कमजोर होने पर महिलाएं बार-बार गर्भपात होने से मां बनने के सुख से वंचित रह जाती थीं। कार्यशाला में सूचरिंग (टांके लगाने की) हैंड ऑन वर्कशॉप का भी आयोजन किया गया। यूपी चैप्टर ईएजीआई की चेयरपर्सन डॉ. नूतन जैन ने बताया कि मीनोपॉज से पहले और कई वर्षों बाद होने वाली अधिकता में ब्लीडिंग रसौली या कैसंर का कारण हो सकती है। अक्सर महिलाएं 40 की उम्र में अधिक ब्लीडिंग होने की समस्या को मीनोपॉज समझकर नजरअंदाज कर देती हैं। वहीं 60-65 की उम्र में भी महिलाएं ब्लीडिंग की समस्या लेकर पहुंचती हैं। 10-12 वर्ष तक रसौली रहने पर वह कैंसर भी बन सकती है। इसलिए जब भी अधिकता में ब्लीडिंग हो डॉक्टर से अवश्य चेकअप करवाएं। डॉ. मिलिंद तेलंग (पूना) ने हिस्ट्रोस्कोपी पर कहा कि हर गायनेकोलॉजिस्ट के लिए हिस्ट्रोस्कोपी की ट्रेनिंग आवश्यक है, जिससे 10-20 मिनट में सोनोग्राफी की तरह बिना किसी मेडिकेशन के गर्भाशय की स्पष्ट स्थिति को जाना जा सके।

आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ. अमित टंडन ने सभी सदस्यों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यशाला में 25 शोधपत्र प्रस्तुत किए गए। इस मौके पर डॉ. वैशाली टंडन, डॉ. संध्या अग्रवाल, डॉ. सरोज सिंह, डॉ. मधु राजपाल, डॉ. रिचा सिंह, डॉ. सुधा बंसल, डॉ. आकृष्टि, डॉ. नमिता, डॉ. रिचा सिंह, डॉ. निधि बंसल, डॉ. रचना अग्रवाल, डॉ. पूनम यादव, डॉ. मीनल जैन, डॉ. अभिलाषा प्रकाश, डॉ. अमिता मंगल आदि मौजूद रहीं।




# गर्भ संस्कार का पालन करने से बच्चे होंगे संस्कारवान

- भागवताचार्य गौरदास महाराज ने धर्म के 16 संस्कारों में गभार्धान को बताया सबसे महत्वपूर्ण

एनएनआई



**आगरा।** नवनिर्मित गर्भ संस्कार मेटरनिटी होम प्रताप नगर खतैना रोड पर रविवार को गर्भ संस्कार कथा का आयोजन किया गया। चन्द्रभान साबुन वाले सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में हुए संस्कार कथा में वृन्दावन के भागवताचार्य गौरदास महाराज ने शास्त्रों में वर्णित सनातन धर्म के 16 संस्कारों में गभार्धान संस्कार को सबसे महत्वपूर्ण बताया।

उन्होंने कहाकि इस संस्कार का पालन करने से मां के गर्भ से जन्म लेने वाला बच्चा यशस्वी, संस्कारी, शौर्यवान और प्रतिभावान होता है। गभार्धान संस्कार का मतलब जीव का मां के गर्भ में आना और संस्कार का मतलब शुद्धिकरण। उन्होंने अशोक गोयल की प्रेरणा से आगरा में स्थापित गर्भ संस्कार और मैटरनिटी होम को एक अच्छा प्रयास बताया। उन्होंने कहाकि गभार्धान करते समय माता-पिता का व्यवहार हंसमुख व भक्ति का होना चाहिए। रजस्वला होने के सम दिनों यानि 2, 4 6, 8 वें दिन शुक्ल पक्ष में रात्रि 9 से 12 के बीच गभार्धान करने पर पुत्र और 5 ,7 ,9, 11वें दिन गर्भ धारण करने से पुत्री जन्म लेती है। अष्टमी, अमावस्या, पूर्णिमा, ग्रहण के दौरान गभार्धान नहीं करना चाहिए। इससे जीव में अपंगता आती है।

गर्भ धारण के 4 से 6 माह के बीच बच्चा सुनने लगता है। उसकी धड़कन शुरू हो जाती है। इसी कारण जन्म लेते ही मां की धड़कन सुनाई नहीं देने के कारण बच्चा रोता है। पैदा होने के बाद जब तक मां का दूध पीता है, तब तक माता-पिता को कोई भी कामुक व्यवहार नहीं करना चाहिए।

विवाह संस्कार गोधूलि बेला में और अंतिम संस्कार विधि-विधान से करना चाहिए। उन्होने प्रत्येक संस्कार का महत्व व उसकी पालन तरीके को भी समझाया। इस मौके पर अशोक कुमार एडवोकेट, डॉ.सुनीता गर्ग, कान्ता माहेश्वरी, रश्मि गर्ग, किशन अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, रमेश चन्द अग्रवाल, मनोज होजरी, विजय गोयल, महावीर मंगल, राजीव जैन और नंदकिशोर गोयल आदि मौजूद रहे।

# मॉडल्स ने रैम्प पर बिखेरे फैशन के रंग

**डेस्टिनेशन वेलफेयर सोसायटी ने फैशन शो से दिया महिला सशक्तिकरण का संदेश**



**आगरा (एनएनआई)।** कोहिनूर बेशक भारत की शान नहीं है, लेकिन भारत की महिलाओ की प्रतिभा भी किसी कोहिनूर से कम नहीं है। ये नजारा था फतेहाबाद रोड स्थित होटल क्रिस्टा इन में डेस्टिनेशन वेलफेयर सोसाइटी की ओर से आयोजित मिस एंड मिसेज इंडिया यूनिक 2025 फैशन शो का फैशन के जलवे बिखेरने वाली युवतियों के साथ अपने को वैवाहिक जीवन में ढाल चुकी महिलाये भी रैम्प पर कैटवॉक करती हुई किसी से कम नहीं दिख रही थी। शुभारंभ मुख्य अतिथि समाजसेवी कुलदीप पाठक, डिप्टी सीएमओ फिरोजाबाद डॉ. रवींद्र भदौरिया, विशिष्ट अतिथि निधि पटेल ने दीप प्रवज्जलित कर किया। अध्यक्ष अर्चना फौजदार ने बताया कि महिला सशक्तिकरण थीम पर सहालग के परिधानों को फैशन शो में तीन राउंड में प्रस्तुत किया गया।

पहले राउंड में केजुअल परिधान, दूसरे राउंड में इंडो वेस्टर्न, तीसरे राउंड लहंगा पहन कर मॉडल्स ने अपना जलवा बिखेरा। फैशन शो में उत्तर प्रदेश के अलावा हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान और मध्य प्रदेश के प्रतिभागियों ने भी हिस्सा लिया। परम्परागत संगीत धुन पर डेस्टिनेशन संस्था के मंच पर पहली बार 47 मॉडल्स साथ एक ही थीम पर नजर आयी। दर्शकों ने खूबसूरत मॉडल्स द्वारा रैंप पर प्रदर्शित किए अद्भुत आउटफिट्स को बेहद पसंद किया और दिल खोलकर प्रशंसा की। मिस इंडिया यूनिक का ताज महिमा के सर सजा और उपविजेता विभा और अविका रही, वही मिसेज इंडिया यूनिक का खिताब सुरुचि नाम रहा और उपविजेता नैन्सी और रेखा रही। शो की कोरियोग्राफी इकरार मलिक ने की। निर्णायक की भूमिका में बबीता वर्मा, इश्रा खान और नीलम सिंह रही। संचालन सोनम ने किया। सभी का धन्यवाद आयोजन सचिव राजेंद्र फौजदार ने दिया। इस अवसर पर बबीता पाठक, विनीत बबानिया, अवधेश उपाध्याय, शिवम फौजदार, अमित खत्री, डॉ. मुक्ता भदौरिया, जीनत जिशान, हिना विज, अभिनय कुमार, प्रदीप बघेल, सत्य प्रकाश, दीपक कुलश्रेष्ठ, दिलशाद रजा, ऋतुराज दुबे आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# कैंसर से बचना है तो महिलायें ना करे तंबाकू का मंजन

- महाशिविर में 122 मरीजों ने लिया परामर्श, 70 यूनिट रक्त किया संचय
- खंडेलवाल क्लब व खण्डेलवाल सेवा सदन ने लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

एनएनआई




**आगरा।** महिलाओं के शरीर में कहीं पर भी गांठ, स्तन में सूजन, निप्पल का रंग बदलने, मुंह के अल्सर बने रहना, पेट में दिक्कत, पेशाब में जलन होने पर तुरंत जांच कराएं। इससे बचने के लिए तंबाकू का मंजन और सुपारी न खाने की सलाह स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. मोनिका गुप्ता ने पंचकुइया स्थित खण्डेलवाल सेवा सदन पर खण्डेलवाल क्लब द्वारा लगाए गए निःशुल्क स्वास्थ्य महाशिविर में दी। भगवान दास भगत की स्मृति में आयोजित हुए शिविर का शुभारम्भ मुख्य अतिथि समर्पण सेवा समिति के अध्यक्ष योगेश कंसल ने दीप प्रवज्जलित कर किया। हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. शुभम खण्डेलवाल ने बताया कि घंटों बैठकर और गर्दन झुकाकर कार्य करने से युवाओं में कमर, गर्दन में दर्द और पैरों में सूजन की दिक्कत मिली। शिविर में बुजुर्गों मरीज कमर के दर्द, कूल्हे, घुटने में गठिया, चलते या खड़े होते समय शरीर में कमजोरी, जोड़ो में अक- इन जैसी समस्या से पीड़ित दिखे। रक्त की जांच में कोलेस्ट्रॉल, थायराइड, मधुमेह में युवाओं की संख्या अधिक रही। इन्हें वजन नियंत्रित रखने की सलाह दी गई। कार्यवाहक सचिव धीरज खण्डेलवाल ने बताया कि शिविर में डॉ. गौरव खण्डेलवाल, डॉ रवि जैन, डॉ. शुभम खण्डेलवाल, मोनिका गुप्ता और डॉ अनुजा अग्रवाल ने मरीजों को परामर्श दिया। संचालन राजीव खण्डेलवाल ने किया। इस अवसर पर कार्यवाहक अध्यक्ष अजय खण्डेलवाल, कोषाध्यक्ष राजीव खण्डेलवाल, संयोजक घनश्याम दास खण्डेलवाल, प्रदीप भगत, राजकुमार भगत, संजय खण्डेलवाल, रमेश चन्द खण्डेलवाल, महेश खण्डेलवाल, रामेश्वर खण्डेलवाल, गोपाल खण्डेलवाल आदि मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय प्राकृत संगोष्ठी का हुआ समापन



- तीन दर्जन से अधिक पढ़े गए शोध पत्र

**आगरा (एनएनआई)।** तीन दिवसीय चतुर्थ राष्ट्रीय प्राकृत संगोष्ठी का समापन जैन आगम स्थानाङ्गसूत्र पर गहन चर्चा के साथ हुआ। महावीर भवन जैन स्थानक न्यू राजा की मंडी कॉलोनी में सुबह 9.30 बजे से शुरू हुए अंतिम दिन के सत्रों में प्राकृत भाषा और जैन दर्शन के विद्वानों ने अपने विचार और शोधपत्र प्रस्तुत किए। संगोष्ठी के आठवें सत्र में विभिन्न विषयों पर अपने विद्वानों ने अपने विचार प्राकृत में व्यक्त किए। नवम सत्र में मोहन पांडे, श्रेणु जैन, नीरू जैन, डॉ. प्रीति रानी, लिना जैन, विवेक जैन और कमल जैन जैसे विद्वानों ने अपने शोधपत्र प्रस्तुत किए, जिन्होंने श्रोताओं को प्राकृत भाषा और जैन दर्शन के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया। संगोष्ठी का समापन दसवें सत्र में हुआ। इस सत्र में एम चंद्रशेखर ने कृतज्ञता ज्ञापन किया। इसके अलावा, श्रुत रत्नाकर के निर्देशक जीतूभाई और बहुश्रुत मुनिश्री जयमुनि ने सभी प्रतिभागियों और आयोजकों का आभार व्यक्त किया। इस संगोष्ठी से न केवल प्राकृत भाषा और जैन दर्शन के विद्वानों को एक मंच प्रदान किया, बल्कि यह आत्मशुद्धि, ज्ञान और साधना का भी एक महत्वपूर्ण अवसर था। प्रतिभागियों ने स्थानाङ्गसूत्र की गूढ़ता को समझने और उसे अपने जीवन में उतारने के लिए बहुत कुछ सीखा। इस सफल आयोजन ने प्राकृत भाषा और जैन दर्शन के प्रचार-प्रसार में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।संगोष्ठी के समापन से पूर्व एस एस जैन ट्रस्ट के राजेश सकलेचा, अनिल जैन ,मीडिया समन्वयक विवेक कुमार जैन सहित संगोष्ठी कार्य में जुड़े सभी व्यक्तियों का शॉल और माला के द्वारा बहुश्रुत संस्था अहमदाबाद के संस्थापक जितेन्द्र भाई शाह ,पूज्य जय मुनि जी के सांसारिक भाई रविन्द्र जैन और अन्य पदाधिकारियों द्वारा किया गया।

# ‘अब खुद की सरकार बनाएंगे हम’

## भारतीय वैश्य महासभा के अधिवेशन में ऐलान, यूपी में 100 और आगरा में 6 सीटों पर लड़ेंगे चुनाव




एनएनआई

**आगरा।** वैश्य समाज औरों की नहीं बल्कि अपनी सरकार बनाएगा। यह तभी सम्भाव है जब समाज एकजुट और इकट्ठा होगा। वैश्य समाज के सभी उपवर्गों को एक सूत्र में जोड़ने की मुहिम को गति देते हुए यह बात भारतीय वैश्य महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि प्रकाश अग्रवाल ने खंदारी परिसर स्थित जेपी सभागार में आयोजित भारतीय वैश्य महासभा के मण्डलीय अधिवेशन में कही। जिसमें वैश्य समाज के लोगों से नाम के बाद अपना उपवर्ग नहीं बल्कि वैश्य लिखने की अपील की गई। साथ ही राजनीति में वैश्य समाज की भागेदारी बढ़ाने के लिए उप्र से 100 व जिले में छह सीटों से चुनाव लड़ाने के टारगेट पर काम करने पर भी चर्चा की गई।

कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि अतिथि पुरुषोत्तम खंडेलवाल, महेश गोयल, राकेश गर्ग ने सम्मलित रूप से महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम संयोजक व संरक्षक अशोक अग्रवाल ने कहा कि वैश्य समाज को उनकी संख्या (20 प्रतिशत) के अनुपात में टिकट नहीं मिलती। सम्मेलन के माध्यम से लोगों में राजनीतिक जागरूकता पैदा करना उद्देश्य है। यदि कोई पार्टी हमें टिकट नहीं देती तो हम पना प्रत्यासी खड़ा करेंगे। इस बार विधानसभा के चुनाव में 6 सीटों पर वैश्य समाज के प्रत्याशी खड़े करने का प्रयास रहेगा। फतेहपुर सीकरी से अशोक अग्रवाल व फतेहाबाद से अवनीश गुप्ता ने चुनाव लड़ने पर सहमति प्रदान की। महासभा के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव डॉ. संजीव कुमार वार्ष्णेय ने बताया कि भारतीय वैश्य महासभा का संगठन कई राज्यों सहित उत्तर प्रदेश के लगभग 40 जिलों में सक्रिय है। समाज के उत्पीड़न की स्थिति में महासभा सदैव पीड़ितों के साथ खड़ी होकर उन्हें न्याय दिलाने का कार्य कर रही है। कार्यक्रम में नोयडा, फिरोजाबाद, अलीगढ़, एटा, अवागढ़, भरतपुर, फतेहपुर सीकरी, अछनेरा, जगनेर,शिकोहाबाद कागारौल सहित विभिन्न क्षेत्रों से सैकड़ों लोगों ने भाग लिया।

**इन्हें मिला सम्मान**

सम्मेलन में वैश्य समाज के सभी उपवर्गों के मेधावी छात्र-छात्राओं, समाज में अनुकरणीय कार्य करने वाले वरिष्ठ जनों का सम्मान, आगरा जिला एवं महानगर की कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण, नगर परिषद एवं नगर पंचायतों के वैश्य अध्यक्षों व समाज के उच्च पदों पर प्रतिष्ठित अधिकारियों का सम्मान किया गया। जिसमें मुख्य रूप से डॉ. प्रदीप गुप्ता, बीडी अग्रवाल, भगवान दास बंसल, बसंत गुप्ता, डॉ. राजेश गुप्ता, चेयरमैन नगर पंचायत जगनेर कुलदीप गर्ग, जसराना नगर पंचायत अध्यक्ष राजीव गुप्ता थे।

**इनकी रही विशेष परिस्थिति**

राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष रामकिशन अग्रवाल, सत्यवीर गुप्ता, कमल किशोर वार्षेण्य, राकेश कुमार वार्ष्णेय, विनोद अग्रवाल, राजीव कुमार अग्रवाल, संजीव गुप्ता, श्रीनिवास गुप्ता, कमल किशोर, राकेश कुमार वार्ष्णेय, नितिन अग्रवाल, महेश अग्रवाल, महेन्द्र खंडेलवाल, प्रवीन अग्रवाल, पंकज गुप्ता, देवेन्द्र गुप्ता, विनेद गुप्ता, सतीश अग्रवाल, राकेश गुप्ता, विनय गुप्ता, कल्पना अग्रवाल, एकता जैन, रेनू बंसल, पुनीत गुप्ता, नितिन अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

## एमपीपीएससी टॉपर देवांशु शिवहरे को ‘गौरव रत्न’

एनएनआई

**आगरा।** शिवहरे समाज के मेधावी छात्र-छात्रा सम्मान समारोह में 40 बच्चों को सम्मानित किया गया। इस दौरान एमपीपीएससी टॉपर डिप्टी कलक्टर देवांशु शिवहरे को शिवहरे गौरव सम्मान से विभूषित किया गया।

शिवहरे समाज एकता परिषद और शिवहरेवाणी के संयुक्त तत्वावधान में दाऊजी मंदिर सभागार में आयोजित समारोह में ग्वालियर की जानी-मानी गायिका सुश्री भानुप्रिया राय को शिवहरे साहित्य-कला रत्न, गुना के विख्यात कोच एवं मेंटर महेश शिवहरे को शिवहरे शिक्षा सम्मान और वयोवृद्ध समाजसेवी प्रेमबिहारी गुप्ता को शिवहरे सेवा रत्न सम्मान से अलंकृत किया गया। हाल ही में रिलीज हुई आमिर खान की फिल्म सितारे जमीं पर में बड़े पर्दे पर काम करने वाली श्रुति गुप्ता को स्व. प्रियंका शिवहरे स्मृति प्रतिभा सम्मान प्रदान किया गया।

शिवहरे समाज के मेधावी बच्चों का सम्मान



मुख्य अतिथि के रूप में पधारे एमएलसी विजय शिवहरे ने कहा कि युवा शक्ति द्वारा लगातार आठवीं बार यह आयोजन किया जाना अपने आपमें अनुकरणीय मिसाल है जिसके लिए आयोजक बधाई दे पात्र हैं। कार्यक्रम में केके शिवहरे बिजनेश शिवहरे, अरविंद गुप्ता, कमल गुप्ता एडवोकेट, कुलभूषण गुप्ता रामभाई, आशीष शिवहरे, मुकुंद शिवहरे, ब्रजमोहन गुप्ता, डा. अजय गुप्ता, अमित शिवहरे, डा. गौरव गुप्ता, अंशुल शिवहरे, अंकुर गुप्ता, अंकित शिवहरे, वरुण गुप्ता एडवोकेट, सरजू गुप्ता काकेभाई, सत्यप्रकाश शिवहरे, पंकज शिवहरे, हर्ष गुप्ता, वीरेंद्र गुप्ता एडवोकेट समेत खासी संख्या में समाजबंधु उपस्थित रहे। संचालन शिवहरेवाणी के संपादक सोम साहू ने किया।

## व्यापारियों के लिए वटवृक्ष थे स्व. राजकुमार सामा

एनएनआई


**आगरा।** द आगरा शू फैक्टर्स फैडरेशन के संस्थापक स्व. राजकुमार सामा की पुण्यतिथि पर फैडरेशन कार्यालय में आयोजित श्रद्धांजलि समारोह में बोलते हुए मुख्य अतिथि विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल ने यह बात कही। पुष्प अर्पित कर स्व. राजकुमार सामा को नमन किया और सफल जीवन जीने के लिए उनके आदर्शों पर चलने की सलाह दी।



इस अवसर पर विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल ने फैडरेशन कार्यालय का अवलोकन भी किया। सामा जी की राजनीतिक व व्यापारिक दौर की तस्वीरों को देखकर संस्मरणों को याद किया और व्यापारियों से चर्चा की। स्व. सामा जी के साथ बालकाल से लेकर युवावस्था में बिताए अपने संस्मरणों को साझा किया। अतिथियों का स्वागत करते हुए फैडरेशन के अध्यक्ष विजय सामा ने कहा कि स्व. सामा जी ने हमेशा सच्चाई व ईमानदारी के मार्ग पर चलने की शिक्षा दी। उनका मंत्र था शार्ट कट न अपनाएं। सच्चाई के रास्ते पर चलने से सफलता देर ही सही, मिलेगी जरूर। बताया कि स्व. सामा जी जीवन भर फैडरेशन के अध्यक्ष भी रहे और राजनीतिज्ञ होने के बावजूद हमेशा व्यापारियों के हित में काम किया। जिस पर सभी व्यापारियों ने सामा जी के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रांत कार्यालय प्रमुख बादाम सिंह, बांके बिहारी मंदिर वृन्दावन से नितिन गोस्वामी, टेकचंद, दिलीप खूबचंदानी, अजय महाजन, दिलप्रीत सचदेवा, धनश्याम लालवानी, अनिल अरोड़ा, प्रमोद जैन, वासुदेव मूलचंदानी, सुधीर महाजन, प्रमोद महाजन आदि उपस्थित थे।

## आगरा में सप्तशक्ति संगम के होंगे 100 आयोजन

**आगरा** एनएनआई। जिले में सप्त शक्ति संगम के लगभग 100 कार्यक्रम आयोजित होंगे। यह कार्यक्रम 5 अक्टूबर रानी दुर्गावती की जयंती से 23 जनवरी 2026 सुभाष जयंती तक आयोजित होंगे। सरस्वती शिशु मंदिर कमला नगर आगरा में आज सप्तशती संगम का कार्यक्रम रहेगा। इन कार्यक्रमों के लिए जिला प्रभारी सप्तशक्ति संगम दिनेश चंद्र उपाध्याय और जिला संयोजिका शशि शर्मा को बनाया गया है। उक्त जानकारी सरस्वती शिशु मंदिर कमलानगर के प्रधानाचार्य दिनेश चंद्र उपाध्याय ने दी।



## आगरा में गूंजा हुनरः ताज के हुनरबाज 2025 के लिए हुए ऑडिशन

एनएनआई

**आगरा।** ब्रजभूमि की सांस्कृतिक नगरी आगरा में रविवार को बच्चों के हुनर का अनोखा संगम देखने को मिला। ताज के हुनरबाज 2025 के ऑडिशन का आयोजन नागरी प्रचारणी सभा, आगरा में बड़ी उत्साह और धूमधाम के साथ संपन्न हुआ।

इस मौके पर सैकड़ों बच्चों ने मंच पर सिंगिंग, डांसिंग, एक्टिंग, फैशन शो और कला प्रदर्शन में अपनी शानदार प्रस्तुतियाँ दीं। बच्चों की परफॉर्मेंस ने दर्शकों के साथ निर्णायकों का भी दिल जीत लिया।




कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहे डूडा फिरोजाबाद से मनोज कुमार। निर्णायक मंडल में रहे ब्रज रिकॉर्ड्स के डायरेक्टर शिव प्रताप सिंह, बॉलीवुड एक्शन डायरेक्टर निकी सिंह, कवि एवं गीतकार दीपक सरीन, और विशेष आकर्षण के रूप में छोटे डॉली चायवाले रिजवान का जादू चला। जजों ने प्रतिभागियों की ऊर्जा और आत्मविश्वास की सराहना करते हुए कहा कि – ब्रज के बच्चों में अपार प्रतिभा है, जिन्हें सही मंच देने की जरूरत है। ताज के हुनरबाज जैसे आयोजन उन्हें राष्ट्रीय पहचान तक पहुंचा सकते हैं।

कार्यक्रम के संयोजक रमाकांत सागर के अनुसार कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के छिपे टैलेंट को उजागर करना और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए एक सशक्त मंच उपलब्ध कराना है। चयनित प्रतिभागी अब फाइनल में अपने हुनर का प्रदर्शन करेंगे।

इस कार्यक्रम में संचालन किया अनूप शर्मा ने। कार्यक्रम में मुख्य रूप से इनफ्लेंसर जैक हांसल, समीर खान ने बच्चों का हौसला बढ़ाया। कार्यक्रम निदेशक रहीं मीनाक्षी टंडन ने कार्यक्रम में शामिल बच्चों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि जल्द ही ग्रूमिंग क्लासेस भी शुरू की जाएगी मुख्य रूप से राजकुमार उप्पल, डीके, तान्या वालेचा, ध्रुव, पंकज टंडन ने व्यवस्थाएं संभाली।

# जागरण की रात है माँ तुझको...

एनएनआई

आगरा। आस्था भक्त मण्डल द्वारा 21 वां विशाल भगवती जागरण फाटक सूरजभान, बेलनगंज, आगरा पर हुआ। इस अवसर पर माता रानी के विशाल भवन में विराजित जगत जननी माँ भगवती के छप्पन भोग व भव्य फूल बंग्ला सजाया गया एवं पूरे क्षेत्र में आकर्षक विद्युत सजावट की गयी थी। जागरण का शुभारम्भ विधायक पुरूषोत्तम खण्डेलवाल, पूर्व पार्षद दीपक ढल, दीपक खरे, मण्डल के संस्थापक राजू भगत जी, अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल, राकेश अग्रवाल दिलीप, अग्रवाल,अनुराग चतुर्वेदी पार्षद, मीडिया प्रभारी आशीष जैन मोनू, द्वारा माता की ज्योति प्रजवलित कर संयुक्त रूप से किया गया।

इस अवसर पर भक्त मण्डल द्वारा राजू बावरा, 'टी-सीरीज' का सम्मान तिलक लगाकर व चुनरी उड़ाकर अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल, कोषाध्यक्ष संजय बंसल, सचिव अनिल खण्डेलवाल द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।



भगवती जागरण में भगवती जागरण में भजन गायक राजू बावरा आगरा), रितिका जैन (कानपुर), गिरजेश मुद्गल (आगरा) सचिन, राजा सांवरिया, द्वारा द्वारा माँ भगवती की भेंटों का गुणगान किया गया।

माँ भगवती व खाटू श्याम भजनों के माध्यम से भक्तों को नृत्य करने पर मजबूर कर दिया। शेर पर सवार होकर आ जा शेरों वाली माँ, केशों पर लिख कल्याणी, जागरण की रात माँ तुमको आना पड़ेगा, माँ की ममता के खजाने का कोई मोल नहीं, तेरे जीवन में खुशियां तमाम आयेगीं ले ले माँ की दुआएँ तेरे काम आयेगीं जैसी भेंटो पर भक्तों ने करतल ध्वनि के साथ वातावरण को गुंजायमान कर दिया। हजारों की संख्या में भक्तों से भरे हुए पांडाल में सभी भक्त टी-सीरीज के गायक राजू बावरा की झलक पाने के लिए लालायित थे। मध्य रात्रि को जैसे ही राजू बावरा भव्य मंच पर आये तो माँ भगवती के जयकारों से पूरा वातावरण गुंजायमान हो गया।

संस्थापक राजू भगत, अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल राजू, दीपक खरे (पूर्व पार्षद), दीपक ढल (पूर्व पार्षद), कोषाध्यक्ष संजय बंसल, मीडिया प्रभारी आशीष जैन मोनू, उपाध्यक्ष अनिल खण्डेवाल, विवेक बंसल,, सनी गोयल, विद्युत अग्रवाल, संजीव माधव, अनिल वर्मा रजत अग्रवाल, ऋषभ वर्मा बलवीर ठाकुर,हरीश ठाकुर, आदि ने कार्यक्रम की व्यवस्थायें सभांली।



# जैन पाठशालों का हुआ सम्मेलन

एनएनआई

**बाह।** दिगंबर जैन परिषद के तत्वाधान मे आगरा की समस्त जैन पाठशालाओं का सम्मेलन पूज्य मुनिराज सौम्यसागर जी महाराज ससंघ के सानिध्य में मद्धयान से शान्तिसागर सभागार हरीपर्वत पर हुआ। आगरा पाठशाला सम्मलेन हुआ। इसके बाद दीप प्रज्वलन, पाद प्रक्षालन, शास्त्र भेंट किया गया। सभी पाठशाला के बच्चों शानदार भव्य प्रस्तुति दी। आगरा की सभी शैलियों के बेलनगंज, छीपिटोला, ओल्ड ईदगाह,कर्मयोगी कमलानगर, सेक्टर 7, शालीमार कमलानगर के पाठशाला के बच्चों ने भाग लिया। मुनि श्री सौम्यसागर जी ने प्रवचन में बच्चों को धर्म के बारे में बताया।मंच संचालन मनीष जैन एवं सतेंद्र जैन साहूला ने किया। इस मौके पर आगरा दिगम्बर जैन परिषद के अध्यक्ष जगदीश प्रसाद जैन, मंत्री मनीष जैन ठेकेदार, कोषाध्यक्ष राकेश जैन पर्दे वाले, जितेंद्र जैन, विमल जैन, सतेंद्र जैन साहूला राजेंद्र जैन एडवोकेट, मनोज जैन, रमेश जैन, बल्लों,दीपक जैन, विशाल जैन, सुभाष जैन, अनुज जैन क्रांति, मनीष जैन लवली, सुबोध पाटनी, कुमार मंगलम, दीपक जैन, अनिल जैन रईस, राजेश जैन, राहुल जैन थे।

# हंगामे के बाद चचिहा समिति पर डीएपी बंटने पर बनी सहमति

एनएनआई

**पिनाहट।** अधिकारियों के आने की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में चचिहा, नगला दलेल,लड़ौआ पुरा,भौनिका पुरा,सवोरा सहित कई गांव के सैकड़ो ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने बिना सूचना और बिना किसी नोटिस बोर्ड के प्राइवेट मकान में सरकारी खाद के ट्रक को ले जाने का कड़ा विरोध जताया। और हंगामा करने लगे ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि जिस रास्ते पर ट्रक और ट्रेक्टर नहीं निकल सकते उस रास्ते पर प्राइवेट मकान को खाद के लिए क्यों गोदाम बनाया गया है। जो कि मुख्य मार्ग से करीब 1 किलोमीटर दूर एकांत में है।जिससे लोगों को आवागमन में काफी असुविधा होगी। वाहनों के आवागमन में भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा।ग्रामीणों के विरोध को देखते हुए सभी अधिकारी चचिहा समिति पर पहुंचे। उन्होंने चचिहा समिति के सभी कमरों को खुलवाया। जिसमें तीन कमरे सही पाए गए।जिसमें अगली खाद की गाड़ी चचिहा समिति पर ही उतरेगी। और चचिहा समिति पर ही ग्रामीणों को खाद बांटी जाएगी।इस सहमति पर ग्रामीण शांत हो गये।



सचिव राजेंद्र पर खाद ब्लैक करने व अपने चहेतों को खाद ब्लैक करने का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने एडीएम एसडीएम, जिला कृषि अधिकारी व आर के सामने ही हंगामा करते हुए विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया।जिस पर जिला कृषि अधिकारी विनोद कुमार ने कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा कि पूरे जिला आगरा में सबसे अधिक शिकायत चचिहा समिति और सचिव राजेंद्र की आती है।अगर तुमने अपने व्यवहार और कार्य प्रणाली में सुधार नहीं किया तो तुम्हारे खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने कड़ी चेतावनी देते हुए सचिव को कार्य में सुधार लाने के निर्देश दिए है

# सिलिंडर आग हादसाः 9 वीं मौत से मातम में डूबा पुरा जसोल गांव

एनएनआई

**बाह।** पुरा जसोल गांव में 22 अगस्त की रात गैस सिलिंडर हादसे में 14 लोग झुलसे थे। आग की लपटों में घिर कर झुलसे जितेन्द्र (44) की 24 अगस्त को मौत हुई थी। 27 अगस्त को उसकी चाची केशर देवी (62), चचेरे भाई देवेन्द्र प्रकाश (43) की मौत हो गई थी। 28 अगस्त को जितेन्द्र के पिता भागीरथ (65), बेटी कुमकुम (17) ने दम तोड़ दिया था। 30 अगस्त को जितेन्द्र की बहन प्रीती (32), चचेरे भाई सुरेन्द्र (40), आनंद प्रकाश (39) की जान चली गई थी। रविवार की सुबह उमाशंकर (55) की सांसे थम गई। उनकी पत्नी चन्द्रवती देवी दिल्ली के सफदर जंग हॉस्पीटल की बर्न यूनिट में जिंदगी के लिए जूझ रही हैं। हादसे में उनका इकलौता बेटा अभिलाख भी झुलसा था। रविवार की रात मृतक उमाशंकर का दिल्ली से घर पर पहुंचा तो पुरा जसोल गांव मातम में डूब गया है। शव देख कर परिजन बेसुध हो गये। हृदय विदारक हादसे के मंजर के गवाह गांव के लोग डरे सहमे हुए हैं।

# मच्छर जनित रोगों से बचाव के प्रति जागरुक करेगी स्वास्थ्य विभाग की टीम

**आगरा एनएनआई।** डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया जैसे मच्छर जनित रोगों की रोकथाम के लिए रविवार को जनपद में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान व दस्तक अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से आवास विकास कॉलोनी तक जागरुकता रैली निकाली गई। रैली को अपर निदेशक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग डॉ. ज्योत्सना भाटिया और मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरुण श्रीवास्तव ने हरी झंडी दिखाई।

रैली में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी व वेक्टर बोर्न डिजीज के नोडल अधिकारी डॉ. सुरेंद्र मोहन प्रजापति, जिला मलेरिया अधिकारी राजेश कुमार गुप्ता, सहायक मलेरिया अधिकारी नीरज कुमार, जिला कार्यक्रम प्रबंधक कुलदीप भारद्वाज सहित 11 विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों तथा एएनएम, एएनएम प्रशिक्षण केंद्र की छात्राओं सहित आशा और आंगनबाड़ी कार्यकताओं ने प्रतिभाग किया।

रैली के उपरांत सीएमओ ने प्रेस वार्ता में बताया कि जनपद में 5 से 31 अक्टूबर तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान व 11 से 31 अक्टूबर तक दस्तक अभियान चलाया जाएगा। सीएमओ ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि नालियों में पानी जमा न होने दें, झाड़ियों की सफाई करें, घर में भी कहीं साफ पानी जमा न होने दें, हाथों की स्वच्छता का ध्यान रखें, शौचालय का प्रयोग करें, बच्चों को भी स्वच्छता व्यवहार सिखाएं।



# श्री वार्ष्णेय सभा के अध्यक्ष बने दाऊ दयाल गुप्ता

**आगरा एनएनआई।** श्री वार्ष्णेय सभा आगरा के त्रैवार्षिक कार्यकारणी के चुनाव अक्रूर वाटिका सौंठ की मंडी पर संपन्न हुए। इयमें चुनाव अधिकारी इंजी विनय कुमार वार्ष्णेय एवं अनिल कुमार वार्ष्णेय जी देखरेख में सभी पदों पर निर्विरोध चुनाव संपन्न हुए। अध्यक्ष-दाऊ दयाल गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष-ई सुरेन्द्र कुमार वार्ष्णेय, कनिष्ठ उपाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण वार्ष्णेय, मंत्री -विनोद कुमार गुप्ता, सहमंत्री-भानू प्रकाश वार्ष्णेय, कोषाध्यक्ष- राकेश बाबू गुप्ता, ऑडिटर-अनिल कुमार गुप्ता, कोठारी-पंकज गुप्ता, कार्यकारिणी सदस्य-संजय वार्ष्णेय, हेमंत वार्ष्णेय, मदन मोहन वार्ष्णेय, दीपक वार्ष्णेय,काली चरण गुप्ता, मनोज गुप्ता निर्विरोध चुने गये। चयनित पदाधिकारियों को चुनाव अधिकारियों ने शपथ दिलवाई ।

# यमुना में डूबे युवक का तीसरे दिन मिला शव

**पिनाहट एनएनआई।** तीन दिन पूर्व थाना पिढ़ौरा क्षेत्र के अंतर्गत बलाई घाट पुल पर मूर्ति विसर्जन के दौरान पैर फिसलने से यमुना नदी में गिरे युवक का शव रविवार को बाह के कमतरी गांव में यमुना नदी में उतराता मिला। थाना पिढ़ौरा क्षेत्र के अंतर्गत गांव राटौटी निवासी सुखवीर पुत्र जंडेल सिंह उम्र 18 वर्ष दो नवंबर को थाना पिढ़ौरा क्षेत्र के अंतर्गत बलाई घाट पुल पर मूर्ति विसर्जन के दौरान यमुना नदी में डूब गया था। जिसका 3 दिन बाद रविवार को जैतपुर क्षेत्र के अंतर्गत कमतरी गांव में यमुना नदी किनारे शव उतरता हुआ मिला है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी पिढ़ौरा बृजेश गौतम मौके पर पहुंच गए और शव को कब्जी में ले लिया है।

## संपादकीय

# संघ प्रमुख के भाषण में सरकार की बात



राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ के शताब्दी समारोह में नागपुर के संघ मुख्यालय में जो भाषण दिया उसमें मोटे तौर पर मोदी सरकार के कामकाज पर मुहर लगाने वाला था।हालांकि कुछ बातें जरूर अलग थीं और कुछ ऐसी भी बातें थीं, जिनमें सरकार के लिए नसीहत छिपी थी।संघ प्रमुख ने कहा कि अमेरिका की ओर से लगाया गया टैरिफ भारत के लिए कोई चुनौती नहीं है। हालांकि अर्थशास्त्र की कसौटी पर भारत चुनौती झेल रहा है। पिछले ही दिनों आंध्र प्रदेश सरकार ने कहा कि अमेरिकी टैरिफ से राज्य को 25 हजार करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है और हजारों नौकरियों पर खतरा पैदा हो गया है। तमाम सरकारी अर्थशास्त्री भी उम्मीद कर रहे हैं कि टैरिफ जल्दी खत्म हो अन्यथा लंबे समय में भारत को बड़ा नुकसान होगा। लेकिन सरकार की ओर से बार बार कहा जा रहा है कि यह भारत के लिए चुनौती नहीं, बल्कि अवसर है तो उसकी झलक संघ प्रमुख के भाषण में भी दिखी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बार बार कह रहे हैं कि भारत के लोगों को स्वदेशी अपनाना चाहिए और आत्मनिर्भर होना चाहिए तो वह बात भी संघ प्रमुख के भाषण में मिली। उन्होंने अमेरिकी टैरिफ के जवाब में ही कहा कि भारत के लोगों को स्वदेशी अपनाना चाहिए और आत्मनिर्भर बनना चाहिए। भागवत ने सरकार की लाइन पर ही बोला कि अंतरराष्ट्रीय व्यापार और आर्थिक संबंध भारत की शर्तों पर होना चाहिए न किसी किसी दबाव या मजबूरी में।सरकार की ओर से भी बार बार कहा जा रहा है कि भारत अपने आर्थिक फैसले अपनी जरुरत और अपने नागरिकों के हितों को ध्यान में रख कर करेगा।ऑपरेशन सिंदूर के मामले में भी संघ प्रमुख के भाषण की लाइन वही थी, जो सरकार की है। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर की जम कर तारीफ की और कहा कि इस सैन्य अभियान से आतंकवादियों को कड़ा जवाब मिला है। पता नहीं अमेरिकी दबाव में हुआ या पाकिस्तान के कहने पर भारत ने सीजफायर किया लेकिन अचानक युद्ध रोके जाने से भाजपा का कोर समर्थक नाराज हुआ था। ऐसे ही नई पीढ़ी यानी ह्यजेन जीह्न के आंदोलन पर भी संघ प्रमुख ने भाजपा और सरकार की लाइन को बढ़ाते हुए कहा कि बांग्लादेश, श्रीलंका और नेपाल में सरकार बदलने की घटनाओं पर चिंता जताते हुए उन्होंने कहा कि भारत में भी ऐसी अशांति पैदा करने वाली ताकतें देश के अंदर और बाहर भी सक्रिय हैं। उन्होंने बांग्लादेश, श्रीलंका और नेपाल की अशांति का जिक्र करते हुए कहा कि समाज और सरकार के बीच की दूरी बढ़ने और सक्षम प्रशासक की कमी से ऐसा हुआ। इससे भी सरकार को निश्चित रूप से सबक लेना चाहिए और समाज के साथ जुड़ने का प्रयास करना चाहिए। ज्यादातर मामलों में उन्होंने सरकार की लाइन का समर्थन किया लेकिन कुछ मसलों पर उन्होंने सरकार को नसीहत भी दी। इसमें सबसे अहम मसला आर्थिक विषमता का है। उन्होंने अपने भाषण में कहा कि अपने देश को वैश्विक लीडर बनाने के लिए नागरिकों में उत्साह है लेकिन दुनिया भर में मौजूदा आर्थिक प्रणाली की खामियां उजागर हो रही हैं। असमानता बढ़ रही है, आर्थिक शक्ति कुछ ही लोगों के हाथ में केंद्रित हो गई है। अमीर और गरीब के बीच भी अंतर बढ़ रहा है।कई रिपोट्र्स आई हैं, जिनमें देश में बढ़ती असमानता और चंद लोगों के हाथ में संपत्ति के केंद्रीकरण के बारे में बताया गया है। संघ प्रमुख ने यह मुद्दा उठाया तो दुनिया भर की मौजूदा आर्थिक प्रणाली की खामियों के हवाले से लेकिन इसका भारत सरकार के लिए नसीहत है कि उसे अपनी आर्थिक नीतियों में कुछ बदलाव करना चाहिए ताकि देश की बड़ी आबादी को आर्थिक रूप से सक्षम बनाया जा सके। लेकिन सवाल है कि क्या केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार इस नसीहत पर द्यान ध्यान देगी और चुनिंदा कारोबारियों के हाथ में देश के तमाम संसाधन सौंपने की नीति से पीछे हटेगी?



# शरद पूर्णिमा

डॉ. शिल्पा जैन (ज्योतिषाचार्य)

शरद पूर्णिमा 2025 को 7 अक्टूबर 2025 (मंगलवार) को मनाई जाएगी।

उस दिन की पूर्णिमा तिथि (पुर्णिमा पक्ष) दोपहर 12:23 बजे शुरू होती है। यह तिथि अगले दिन सुबह लगभग 9:16 बजे तक चलेगी खीर 6 तारीख की रात्रि को रखा जाएगा एवं उदया तिथि के अनुसार 7 तारीख को पूर्णिमा रहेगा।

**चाँद का उदय उस रात लगभग 5:33 बजे शाम होगा महत्व और पौराणिक कहानियाँ**


शरद पूर्णिमा हिंदू पंचांग में आश्विन माह की पूर्णिमा तिथि पर पड़ती है। इस दिन को वसंतझ्रवर्षा समाप्ति, चंद्रमा की पूर्ण किरणों की विशेष औषधि शक्ति, और देवी लक्ष्मी की पूजा से जोड़ा जाता है।

कुछ प्रमुख मान्यताएँ और कथाएँ:

कहा जाता है कि इस रात चंद्रमा अपनी पूर्ण कलाएँ (16 कलाएँ) सहित चमकता है, और उसकी किरणों में अमृत तत्व समाता है।

शरद पूर्णिमा को रास पूर्णिमा भी कहा जाता है, क्योंकि किंवदंती है कि इस रात श्रीकृष्ण ने गोपियों के साथ रास लीला की थी।

यह दिन देवी लक्ष्मी का भी दिन माना जाता है – कहा जाता है कि इस रात वह पृथ्वी पर आती हैं और उन घरों को धन-सम्पदा का वरदान देती हैं, जहाँ लोग जागरण करते हैं (नींद नहीं लेते)।



मिथिला क्षेत्र में इस दिन कोजगरा नामक लोक परंपरा होती है, जहाँ नवविवाहित दुल्हन विवाह गृह से दान भेजती है।

**पूजा, व्रत और अनुष्ठान**

शरद पूर्णिमा के दिन जो परंपराएँ आज भी प्रचलित हैं, उनमें ये शामिल हैं:

**व्रत / उपवास**

कई लोग दिनभर उपवास रखते हैं। कुछ लोग केवल फल और नारियल पानी लेते हैं।

**भोजन (भोग) और खीर**

एक महत्वपूर्ण परंपरा है कि चावल की खीर (दूध एवं चावल से बनी मीठी डिश) बनाई जाए। इसे चाँदनी रात में खुली जगह पर चंद्रमा की किरणों में रखा जाए। माना जाता है कि चाँद की किरणें उसे पवित्र और औषधीय बना देती हैं। अगले दिन यह प्रसाद के रूप में ग्रहण किया जाता है।

**रात भर जागरण (जागरण / कीर्तन / स्तुति)**

भक्त पूरी रात जागते हैं, भजन गाते हैं, कीर्तन करते हैं और देवी लक्ष्मी व अन्य देवताओं की पूजा करते हैं।

**चंद्रमा की पूजा (चंद्र देव)**

चंद्रदेव की अरघ्य देना, चाँद को छप्पन भोग अर्पित करना आदि प्रथा है, क्योंकि चाँद की भूमिका इस दिन विशेष मानी जाती है।

**दान-सेवा**

इस दिन दान करना बहुत शुभ माना जाता है – भोजन, वस्त्र, अनाज आदि का दान किया जाता है।

**विशेष पूजा विधि**

कुछ स्थानों पर कोजागरी लक्ष्मी पूजा होती है – घर की स्वच्छता, दीप प्रज्वलन, लक्ष्मी-यंत्र स्थापना आदि कर देवी का स्वागत किया जाता है।

**आयुर्वेद, स्वास्थ्य और ज्योतिष दृष्टिकोण**

मान्यता है कि चाँद की पूर्ण चमक और शरद ऋतु की शीतलता मिलकर इस रात की हवा और वातावरण को शुद्ध बनाते हैं। कुछ लोग कहते हैं कि चाँदनी रात में रखी चीजों में औषधीय गुण बढ़ जाते हैं।

शरद पूर्णिमा को चाँद और मूड (मानसिक स्थिति) से जोड़कर देखा जाता है। ज्योतिष के हिसाब से यदि चंद्रमा की स्थिति कमजोर हो तो इस दिन विशेष पूजा-उपाय करने की सलाह दी जाती है।

कहा जाता है कि यदि खीर को चाँदनी रात में रखा जाए तो वह ह्यऋणात्मक ऊर्जाह्न को दूर करती है और स्वास्थ्य को लाभ पहुंचाती है।

## शरद पूर्णिमा पर जरूर करें ये काम

हिंदू पंचांग के अनुसार आश्विन मास की पूर्णिमा को शरद पूर्णिमा कहा जाता है। यह दिन और रात अत्यंत पवित्र मानी जाती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस रात चंद्रमा अपनी पूर्ण कलाओं से युक्त होकर अमृतवर्षा करते हैं। इस दिन किए गए उपाय घर में सुख-शांति, ऐश्वर्य और लक्ष्मी कृपा सुनिश्चित करते हैं।

**1. चंद्रमा को अर्घ्य देना**

शरद पूर्णिमा की रात को चंद्रमा को दूध, जल और सफेद पुष्प अर्पित करें। इससे मानसिक शांति, दांपत्य सुख और आर्थिक समृद्धि प्राप्त होती है। माना जाता है कि चंद्रमा की शीतल किरणों में रखी गई खीर भी अमृत तुल्य होती है और इसे ग्रहण करने से रोग-नाश और धन-धान्य की वृद्धि होती है।

**2. खीर का प्रसाद चांदनी में रखना**

इस दिन खीर बनाकर खुले आसमान में बर्तन में रखकर चंद्रमा की रोशनी में रखना चाहिए। अगले दिन इसे प्रसाद के रूप में ग्रहण करना शुभ माना गया है। इससे परिवार में सुख-शांति और ऐश्वर्य का वास होता है,वही आरोग्य की प्राप्ति होती है।

**3. लक्ष्मी पूजन और श्री सूक्त पाठ का महत्व**

शरद पूर्णिमा की रात मां लक्ष्मी का पूजन अत्यंत फलदायी माना गया है। सफेद पुष्प, चंदन, धूप, दीप और खीर का भोग लगाकर विधिवत पूजन करें। इस अवसर पर श्री सूक्त का पाठ करना विशेष महत्व रखता है।पाठ करने से घर में धन-धान्य की वृद्धि, सुख-समृद्धि और लक्ष्मी का स्थायी वास सुनिश्चित होता है। श्रद्धा और विश्वास से श्री सूक्त का पाठ करने से चंद्रमा की कृपा भी प्राप्त होती है और जीवन में ऐश्वर्य व सौभाग्य बढ़ता है।

**4. दान करना**


शरद पूर्णिमा के दिन गरीबों और जरूरतमंदों को सफेद वस्त्र, खीर, चावल या मिठाई दान करें। पौराणिक मान्यता है कि इस दिन किया गया दान लक्ष्मी को प्रसन्न करता है और घर में समृद्धि व सुख-शांति का संचार करता है।

**5. दीपक जलाना**

घर के मुख्य द्वार और आंगन में दीपक जलाना शुभ माना गया है। दीपक नकारात्मक ऊर्जा को दूर करता है और घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। शरद पूर्णिमा पर दीपक जलाने से लक्ष्मी का स्वागत होता है और ऐश्वर्य की प्राप्ति होती है।

**6. मंत्र जाप**

इस दिन "ॐ लक्ष्म्यै नमः" या "ॐ नमो भगवते वासुदेवाय" मंत्र का जाप करना अत्यंत फलदायी है। मंत्र जाप से मानसिक शांति और आध्यात्मिक उन्नति होती है।



# अरबाज खान और शूरा खान के घर आई नन्ही परी

अभिनेता और निमार्ता अरबाज खान और उनकी पत्नी शूरा खान ने अपने पहले बच्चे एक बेटी का स्वागत किया है। हालांकि कपल ने अभी तक सोशल मीडिया पर आधिकारिक घोषणा नहीं की है, लेकिन पारिवारिक सूत्रों ने इसकी पुष्टि कर दी है। इस अवसर पर मुंबई में एक भव्य बेबी शॉवर पार्टी का आयोजन किया गया, जिसमें सलमान खान, अर्पिता खान, सोहेल खान, निया शर्मा और जन्नत जुबैर जैसे सितारे शामिल हुए। आयोजन की थीम बैंगनी रंग में रखी गई थी, जिसमें एक बड़ा टेडी बियर और रंग-बिरंगे गुब्बारे खास आकर्षण रहे। अरबाज और शूरा की मुलाकात फिल्म पटना शुक्ला के सेट पर हुई थी, जहां शूरा मेकअप आर्टिस्ट थीं। दोनों ने दिसंबर 2023 में विवाह किया था। यह अरबाज की दूसरी शादी है। उनकी पहली पत्नी मलाइका अरोड़ा से उन्हें एक बेटा अरहान खान है।

# अनीता हसनंदानी बनीं 'छोरियाँ चली गाँव' की विजेता

**ग्रामीण जीवन से मिली सच्ची सीख**

अभिनेत्री अनीता हसनंदानी ने रियलिटी शो 'छोरियाँ चली गाँव' के पहले सीजन का खिताब अपने नाम कर लिया है। 5 अक्टूबर को प्रसारित हुए फिनाले एपिसोड में अनीता को विजेता घोषित किया गया। इस शो को रणविजय सिंह ने होस्ट किया। शो के दौरान प्रतियोगियों को ग्रामीण जीवन की सच्चाई से रूबरू कराया गया जैसे दूध दुहना, कुएं से पानी निकालना, चूल्हे पर खाना बनाना आदि। अनीता ने कहा, मैंने यह जीत अपने बेटे आरव और पति रोहित के नाम की है। यह सफर मेरे जीवन का सबसे विनम्र और शिक्षाप्रद अनुभव रहा है। फिनाले में पाँच प्रतिभागी पहुंचे थे डॉली जावेद, कृष्णा श्रॉफ, एरिका पैकर्ड, सुरभि मेहरा और अनीता। सभी फाइनलिस्टों ने गाँव में मिले परिवारों की मदद भी की। अनीता ने अपने देखभालकर्ता शगुना बाई के पोते की पूरी शिक्षा का खर्च उठाने का वादा किया।





# सामंथा रुथ प्रभु ने छात्रों को दी इंसानियत और सहानुभूति की सीख

लोकप्रिय अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु ने हाल ही में सोशल मीडिया पर छात्रों के साथ एक प्रेरणादायक संवाद किया। एक प्रश्नोत्तर सत्र के दौरान, जब एक छात्र ने पूछा कि व्यस्त छात्र जीवन में स्वास्थ्य पर ध्यान कैसे दें, तो सामंथा ने जवाब दिया कि अच्छे ग्रेड जीवन का अंतिम लक्ष्य नहीं हैं। उन्होंने कहा, मैं अब छात्रा नहीं हूं, लेकिन मुझे पता है कि आज के छात्रों पर बहुत दबाव है। मुझे लगता है कि मैंने स्कूल में जो सबसे जरूरी बातें सीखी, वे हैं दोस्ती, दया, और इंसानियत। ये वे गुण हैं जो मेरे जीवन में आज भी मेरे साथ हैं। इसके साथ ही, सामंथा ने 2023 में भारत में छात्रों की आत्महत्या पर आधारित एक रिपोर्ट भी साझा की, जिसमें बताया गया कि महाराष्ट्र में सबसे अधिक मामले दर्ज किए गए। उन्होंने इस स्थिति को दिल तोड़ने वाला बताया और युवाओं से खुद के प्रति दयालु होने की अपील की।

# अंकिता लोखंडे ने रचा श्रीदेवी के 'चांदनी' लुक का जादू, फैंस हुए मुग्ध

टेलीविजन अभिनेत्री अंकिता लोखंडे ने दिवंगत अभिनेत्री श्रीदेवी के 'चांदनी' लुक को नए अंदाज में पेश कर सोशल मीडिया पर धमाल मचा दिया। पीली साड़ी, सफेद हार और लाल चूड़ियों के साथ अंकिता ने फिल्म 'चांदनी' के किरदार को समकालीन शैली में जिया। उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा, कुछ कहानियाँ शब्दों से नहीं, एक नजर से शुरू होती हैं...। उनका यह अंदाज फैंस को श्रीदेवी की याद दिला गया। अंकिता हाल ही में अपने पति विक्की जैन के साथ 'लाफ्टर शेफ्स 2' में भी नजर आईं।



# अजेय भारत का रिकॉर्ड बरकरार, पाकिस्तान को किया चारों खाने चित्त

## बैटिंग के बाद गेंदबाजी में भी दिखा दम




**कोलंबो।** भारत ने पाकिस्तान को 88 रन से हराकर महिला विश्व कप में अपना अभियान जारी रखा है। इससे पहले हरमनप्रीत कौर के नेतृत्व वाली टीम ने श्रीलंका को हराया था। रविवार को कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम पर खेले गए मुकाबले में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 247 रन बनाए। जवाब में पाकिस्तान की टीम 43 ओवर में 159 रन ही बना पाई और ऑलआउट हो गई। भारत के लिए इस मैच में क्रांति गौड़ और दीप्ति शर्मा ने तीन-तीन विकेट झटके जबकि स्नेह राणा को दो सफलताएं मिलीं। इस जीत के साथ भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ महिला वनडे में 11-0 के रिकॉर्ड में सुधार कर लिया है और अब भारतीय टीम के नाम पाकिस्तान के खिलाफ 12 मैचों में जीत दर्ज हो गई है। लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान की शुरूआत बेहद खराब रही। ओपनर मुनीबा अली (2) का रनआउट होना मैच का पहला बड़ा मोड़ साबित हुआ। उन्होंने क्रांति गौड़ की गेंद पर एलबीडब्ल्यू से बचने के बाद थोड़ी देर क्रीज से बाहर कदम रखा और उसी वक्त दीप्ति शर्मा ने शानदार डायरेक्ट हिट से उन्हें रन आउट कर दिया। इसके बाद क्रांति गौड़ (3/20) ने लगातार दो झटके देकर पाकिस्तान को संकट में डाल दिया। उन्होंने पहले सदफ शमास (6) को कैच आउट कराया और फिर आलिया रियाज (2) को बोल्ड कर दिया। पाकिस्तान का स्कोर उस समय 26/3 था।

इसी बीच सिदरा अमीन (81) ने एक छोर संभाले रखा और नतालिया परवेज (33) के साथ मिलकर 69 रन की साझेदारी कर टीम को संभालने की कोशिश की। लेकिन जैसे ही यह साझेदारी टूटी, भारतीय स्पिनरों ने मैच पर पूरी पकड़ बना ली। दीप्ति शर्मा और स्नेह राणा ने मिलकर मिडिल ऑर्डर को तहस-नहस कर दिया। सिदरा अमीन ने धैर्यपूर्वक 106 गेंदों पर 81 रन बनाए, लेकिन उनके आउट होते ही पाकिस्तान की आखिरी उम्मीद भी खत्म हो गई। आखिरकार पूरी टीम 43वें ओवर में 159 रन पर ढेर हो गई, और भारत ने मैच 88 रन से जीत लिया। भारत की तरफ से क्रांति गौड़ (3 विकेट) और दीप्ति शर्मा (3 विकेट) सबसे सफल गेंदबाज रहीं, जबकि स्नेह राणा ने दो विकेट लिए।

### भारत की पारी



ओपनर प्रतिका रावल (31) ने तेज शुरूआत दी, उन्होंने डायना बेग के एक ओवर में लगातार तीन चौके जड़े। हालांकि, स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना (23) एक बार फिर पावरप्ले में आउट हो गईं। एक बार एलबीडब्ल्यू अपील से बचने के बाद कप्तान फातिमा सना की गेंद पर एलबीडब्ल्यू आउट हुईं। रावल भी जल्द ही आउट हो गईं, जब उनके कट शॉट ने ऑफ स्टंप की बेल्स उड़ा दीं। इसके बाद हरलीन देओल (46) ने पारी को संभाला। उन्होंने पहले हरमनप्रीत कौर (19) के साथ 39 रन की साझेदारी की और फिर जेमिमा रॉड्रिग्स (32) के साथ 45 रन जोड़े। हरमनप्रीत अंदरूनी किनारा लगाकर आउट हुईं, जबकि देओल ने संयम से खेलते हुए रन जोड़े, लेकिन अर्धशतक से पहले ही बड़ा शॉट खेलने के प्रयास में विकेट गंवा बैठीं। जेमिमा को नो-बॉल पर जीवनदान मिला, पर वे भी 32 रन बनाकर आउट हुईं। इसके बाद दीप्ति शर्मा (25) और स्नेह राणा (20) ने 42 रन की अहम साझेदारी की, जिसने स्कोर को स्थिरता दी। अंतिम ओवरों में जब पाकिस्तान की गेंदबाजों ने वापसी करते हुए लगातार विकेट चटकाए, तभी ऋचा घोष (35 रन, 20 गेंदों पर) ने ताबड़तोड़ पारी खेली। उन्होंने तीन चौके और दो छक्के जड़े, जिनमें एक शानदार स्वीप शॉट भी शामिल था। पाकिस्तान की ओर से डायना बेग ने चार विकेट लिए, जबकि सादिया इकबाल और कप्तान फातिमा सना ने दो-दो विकेट लिए। वहीं, रमीन शमीम और नाशरा संधू को एक-एक विकेट मिला।

# सीनियर महिला टी-20 क्रिकेट लीग की उप कप्तान बनी संपदा दीक्षित

एनएनआई



संपदा के कोच राहुल प्रजापति का कहना है कि संपदा एक बहुत अच्छी महिला बल्लेबाज है और मुझे लगता है कि वह इस टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करेगी और संपदा भारतीय महिला क्रिकेट टीम के लिए एक उभरती हुई क्रिकेटर है। संपदा की उप कप्तानी में यूपी की टीम की जीत अवश्य होगी।

**आगरा।** आठ अक्टूबर से पंजाब के मोहाली में शुरू होने वाली बीसीसीआई की सीनियर महिला टी-20 क्रिकेट लीग में आगरा की संपदा दीक्षित को उप कप्तान बनाया गया है। यह आगरा शहर के लिए बहुत गौरव की बात है। आपको बता दें कि आगरा से रामा, अलमास, अंजली को भी टीम में स्थान मिला है। वहीं संपदा की बात करें तो संपदा लगातार महिला क्रिकेट जगत में अपना परचम लहरा रही हैं। संपदा ने अंडर 19, 23 में भी बहुत शानदार प्रदर्शन किया था। इससे पहले संपदा अंडर 19 और टी-20 की कप्तान भी रह चुकी हैं, इसी शानदार प्रदर्शन को देखते हुए चयन करता हूं उन्हें संपदा दीक्षित को यूपी की टीम का हो कप्तान बनाया है।

# श्रेयांशी वालीशेट्टी ने पहला बीडब्ल्यूएफ सुपर 100 खिताब जीता, हरिहरन-अर्जुन युगल में जीते



**नई दिल्ली।** भारत की युवा शटलर श्रेयांशी वालीशेट्टी ने रविवार को तीन गेम तक चले रोमांचक फाइनल में हमवतन तस्नीम मीर को हराकर अल ऐन मास्टर्स में महिला एकल वर्ग का अपना पहला बीडब्ल्यूएफ सुपर 100 खिताब जीता। पुलेला गोपीचंद अकादमी में ट्रेनिंग लेने वाली तेलंगाना की 18 वर्षीय खिलाड़ी श्रेयांशी ने एक गेम से पिछड़ने के बाद शानदार संयम दिखाया और 49 मिनट तक चले फाइनल मुकाबले में 15-21, 22-20, 21-7 से जीत हासिल की। हरिहरन अम्साकरुनन और एम आर अर्जुन की जोड़ी ने 35 मिनट तक चले पुरुष युगल फाइनल में इंडोनेशिया के रेमंड इंद्र और निकोलस जोआक्विन को 21-17, 21-18 से हराकर खिताब अपने नाम किया।

श्रेयांशी ने यूएई बैडमिंटन महासंघ से कहा, आज का दिन मुश्किल था। मैंने धीमी शुरूआत की। मैं बस अपना सर्वश्रेष्ठ देना चाहती थी क्योंकि मैं इस साल फाइनल में कई मैच हार गई। मैं नर्वस नहीं थी, लेकिन मैच से पहले बहुत ज्यादा उत्साहित होने से गलतियां कर बैठती हूं। लेकिन मैंने आज मैच में शांत रहने की कोशिश की। 2013 से मैं गोपीचंद अकादमी में ट्रेनिंग ले रही हूं। हम पीवी सिंधू सहित सीनियर खिलाड़ियों को अकादमी में ट्रेनिंग लेते हुए देखते हैं। मुझे सीनियर अंतरराष्ट्रीय मैच खेलते हुए एक साल हो गया है। अब मेरा लक्ष्य अपनी रैंकिंग में सुधार करना है। शुरूआती गेम में श्रेयांशी ने चार अंक की बढ़त गंवा दी, जबकि तस्नीम ने 14-9 की बढ़त हासिल करने के बाद पहला गेम अपने नाम कर लिया। दूसरा गेम कांटे की टक्कर में बदल गया। श्रेयांशी ने 1-4 से वापसी करते हुए 17-14 की बढ़त बना ली।

# सोमवार, 06 अक्टूबर राशिफल

मेष राशि के लिए कल सोमवार का दिन लाभदायक होगा। आपको कुछ नया करने और सीखने का मौका मिलेगा। व्यापार में आपको लाभ का मौका मिलेगा। कड़वाहट को मिठास में बदलने की कला भी आज आपको सीखने की जरूरत है। आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

वृषभ राशि, संयम बरतने की जरूरत हैवृषभ राशि के जातकों के लिए आज का दिन शुभ फलदायी होगा। आपको अपने व्यवहार में संयम बरतने की जरूरत होगी। राजनीति के क्षेत्र में किए गए प्रयासों में आज आपको सफलता मिलेगी।

मिथुन राशि के लोगों के लिए आज का दिन अनुकूल रहेगा। आज शाम को आपको अपने परिजनों के साथ किसी शुभ कार्यक्रम में शामिल होने का मौका मिलेगा। आज किसी कीमती वस्तु के खोने या चोरी होने का भय रहेगा। संतान पक्ष से आपको आज हर्ष की अनुभूति होगी।

कर्क राशि के लोगों के लिए आज का दिन अच्छा है। आपको आज रोजगार प्राप्ति के प्रयास में सफलता मिलेगी। आपको आज कोई नई और आनंददायक खबर मिलेगी। व्यापार और व्यवसाय के लिए की गई यात्रा सुखद और लाभदायक रहेगी।

सिंह राशि के लोगों के लिए आज सोमवार का दिन मिलाजुला रहेगा। आपको आज विरोधी और शत्रुओं से सतर्क रहने की जरूरत है। आपको अपनी वाणी पर संयम रखना होगा। शाम के समय जीवनसाथी के स्वास्थ्य को लेकर चिंता हो सकती है।

कन्या राशि के लोगों के लिए आज का दिन कार्यक्षेत्र में कामयाबी दिलाने वाला रहेगा। नौकरी की तलाश में जुटे जातकों को आज कोई शुभ सूचना मिलेगी। संतान पक्ष से कोई सुखद समाचार प्राप्त होगा। यदि कोई कानूनी विवाद चल रहा है तो आज उसमें आपको सफलता मिलेगी।

तुला राशि के जातको के लिए आज का दिन अनुकूल रहेगा। आपको आज घर परिवार में सुख और आनंद का मौका मिलेगा। आप आज परिवार के किसी सदस्य से मिल सकते है। आपको आज नौकरी में कुछ नई जिम्मेदारी मिलेगी और आपकी अपनी क्षमता साबित करनी होगी।

वृश्चिक राशि के लोगों के लिए आज का दिन सेहत के मामले में मिलाजुला रहेगा। आपको आज आर्थिक मामलों में संयम से काम लेना होगा, कुछ अनचाहे खर्च भी होंगे। परिवार में आज कोई मांगलिक कार्यक्रम हो सकता है। यदि आपने साझेदारी में कोई व्यापार किया है तो वह आपके लिए बहुत ही लाभदायक रहेगा।

आज सोमवार का दिन धनु राशि के जातकों के लिए आर्थिक मामलों में अनुकूल और लाभदायक रहेगा। सामाजिक और राजनीतिक कार्यों में आपका प्रभाव और सम्मान बढ़ेगा। आज का दिन आपके लिए अपने रुके हुए कार्यों को पूरा करने का रहेगा।

मकर राशि के जातको के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। आपका काम काज आज अच्छा चलेगा। पारिवारिक जीवन में आपके आज तालमेल बना रहेगा। माता पिता से आपको आज स्नेह और सहयोग मिलेगा। पारिवारिक जीवन में आपके आज तालमेल बना रहेगा।

कुंभ राशि के लोगों के लिए आज का दिन नौकरी और कामकाज के लिहाज से अच्छा रहेगा। लेकिन आपको आज विरोधियों और शत्रुओं से सतर्क रहना होगा। आपके यह भी जरूरी है कि आप आज किसी भी प्रकार के वाद विवाद से दूर रहें।

मीन राशि के जातको के लिए आज सोमवार का दिन अच्छा रहेगा। आपको आज कामकाज में सतर्क रहना होगा। ससुराल पक्ष के संबंधियों से आपको आज तनाव मिल सकता है। भाइयों के साथ आपका तालमेल आज बना रहेगा।



डॉ. शिल्पा जैन
(एस्ट्रोलॉजर)
मो. 942560752

उद्घाटन

वेडिंग का जादू, संस्कृति का उत्सव

# आगरा में इंडियन वेडिंग एक्सपो का वैदिक मंत्र और शंख ध्वनि के साथ हुआ शुभारंभ

- बैलगाड़ी की बारात से चार्टर प्लेन तक वेडिंग इंडस्ट्री ने तय किया अद्भुत सफरः प्रो. बघेल

एनएनआई

**आगरा।** वैदिक मंत्रोच्चार और शंखध्वनि की मंगल गूंज के साथ यूपी वेडिंग इंडस्ट्री एसोसिएशन का प्रदेश का पहला इंडियन वेडिंग इंडस्ट्रीज कॉन्क्लेव एंड एक्सपो का शुभारंभ रविवार को आईटीसी मुगल में केंद्रीय राज्य मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहाकि भारत की वेडिंग इंडस्ट्री बैलगाड़ी की बारात से लेकर चार्टर प्लेन तक पहुंच चुकी है। यह केवल परंपरा का नहीं, बल्कि प्रगति का भी उत्सव है। आगरा वेडिंग इंडस्ट्री का प्रमुख केंद्र बन सकता है, यदि हम अपने शहर के माहौल, दृष्टिकोण और व्यवहार में बदलाव लाएं।

प्रो. बघेल ने कहाकि अब केवल पधारो म्हारे देश कहने से नहीं चलेगा, जरूरत है सही मायनों में बदलाव की। आगरा की कनेक्टिविटी, एक्सप्रेसवे, रेल और हवाई मार्ग, इसे देश के सबसे उपयुक्त वेडिंग डेस्टिनेशन में बदल सकती है। आज सुरक्षा और सुविधाओं की दृष्टि से भी आगरा पूरी तरह तैयार है। महिलाएं मध्यरात्रि में भी सुरक्षित निकल सकती हैं। अब समय है कि हम आगरा को वेडिंग और एनिवर्सरी डेस्टिनेशन के रूप में पहचान दें। इस दौरान आगरा, मथुरा, काशी और अयोध्या पर आधारित डेस्टिनेशन वेडिंग थीम पर वीडियो प्रदर्शित किया गया, जिसमें दर्शकों को प्रदेश की सांस्कृतिक भव्यता और आधुनिक संभावनाओं से अवगत कराया। इस मौके परएमएलसी विजय शिवहरे, पूरन डावर, ऋतुराज खन्ना, जयदीप मेहता, आईटीसी मुगल के जनरल मैनेजर संदीपन बोस, एसोसिएशन अध्यक्ष मनीष अग्रवाल (रावी), संरक्षक राजेश गोयल, महासचिव संदीप उपाध्याय, सौरभ सिंघल, मनीष सिंघल, सनी गुप्ता, रिचा भदौरिया, सीपी चौधरी, ईमा के उपाध्यक्ष सागर पिंगोली, भुवनेश खन्ना, उपस्थित रहे। उत्तर प्रदेश को शादियों के लिए उत्तम प्रदेश बनाने के ध्येय को लेकर हम चल रहे हैं। आगरा, अयोध्या, मथुरा, वृंदावन और वाराणसी जैसे शहरों की सांस्कृतिक विरासत और आधुनिक सुविधाएं वेडिंग इंडस्ट्री को नई दिशा दे सकती हैं। मनीष अग्रवाल रावी, अध्यक्ष वेडिंग डेस्टिनेशन इंडियन वेडिंग इंडस्ट्रीज एक साझा मंच है, जहां नेटवर्किंग, बिजनेस अवसर, ट्रेंड्स की जानकारी और सांस्कृतिक संवाद एक ही छत के नीचे उपलब्ध हैं। यह आयोजन उत्तर प्रदेश को विवाह उद्योग के नए केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। संदीप उपाध्याय, महासचिव, वेडिंग एसोसियेशन




### देश भर के वेडिंग इंडस्ट्री से जुडे लोग हुए शामिल

उत्तर प्रदेश वेडिंग इंडस्ट्री एसोसिएशन के इस आयोजन में देशभर से वेडिंग इंडस्ट्री से जुड़े विशेषज्ञ, उद्योगपति, होटलियर्स, डेकोरेटर्स, फैशन डिजाइनर्स, फोटोग्राफर्स और ब्यूटी एक्सपर्ट्स शामिल हुए। 50 से अधिक स्टॉल्स लगाए गए। इनमें एंटरटेनमेंट कंपनियां, हवाई चार्टर सेवाएं, वेडिंग प्लानर्स, ज्वेलरी ब्रांड्स, लाइट एंड साउंड प्रोवाइडर्स, लेजर लाइट सेटअप्स, होटल ग्रुप्स, बैंक्वेट हॉल्स और डेकोरेटर्स अपनी नवीनतम सेवाएं और प्रोडक्ट्स प्रदर्शित कर रहे हैं। इन स्टॉल्स में मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तराखंड, दिल्ली, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश के प्रतिष्ठित ब्रांड्स एवं फाइव-स्टार होटल्स भी शामिल हैं।



### एक छत के नीचे शादी कि हर जरूरत होगी पूरी

अध्यक्ष मनीष अग्रवाल ने बताया कि एक्सपो में वैवाहिक आयोजन से संबंधित हर छोटी-बड़ी वस्तु की प्रदर्शनी लगाई गई। इसे देखने के लिए पहले ही दिन आगरा के लोगों में उत्साह दिखा। करीब 1000 लोगों ने पहले दिन एक्सपो में विजिट किया। सोमवार को एक्सपो का अंतिम दिन होगा।

### भारतीय वेडिंग इंडस्ट्री का भविष्य और संभावनाएं

पहले दिन भारतीय वेडिंग इंडस्ट्री के भविष्य और वैश्विक संभावनाओं विषय पर विशेषज्ञ सत्र हुए। शाम को इंटरनेशनल मॉडल्स द्वारा रैंप शो और 'दीवाने-ए- खास' सूफी बैंड की प्रस्तुति दर्शकों के आकर्षण का केंद्र बनी। बॉलीवुड अभिनेत्री शायली भगत और महक चहल द्वारा आईडब्ल्यूआईसी अवॉर्ड्स से वेडिंग इंडस्ट्री में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों और संस्थानों को सम्मानित किया गया।

## भरतनाट्यम और ओडिसी नृत्य की बिखेरी छटा




एनएनआई

**आगरा।** संस्कार भारती नाट्य केंद्र द्वारा मिल्टन पब्लिक स्कूल के सहयोग से अखिल भारतीय नाट्य और नृत्य प्रतियोगिता के तहत रविवार को भी कला और संस्कृति की रंगत बिखरी। मुख्य अतिथि उप शिक्षा निदेशक और डाइट प्राचार्य फिरोजाबाद बिजेंद्र कुमार ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अंग नाट्य मंच बरियारपुर (बिहार) के कलाकारों द्वारा नाटक राई द स्टोन का मंचन किया गया। निर्देशन संजय कुमार ने किया। प्रयागराज के कलाकारों ने नाटक हड़प्पा हाउस का मंचन किया। निर्देशक डॉ.विनय श्रीवास्तव रहे। ड्रामाटर्जी दिल्ली के कलाकारों ने नाटक ईडिपस का मंचन किया। निर्देशक सुनील चौहान थे। पश्चिम बंगाल के कलाकारों द्वारा नाटक चरणदास चोर का मंचन किया। निर्देशन कोली नारायण मुखर्जी ने किया। मध्य प्रदेश के कलाकारों ने नाटक माई डॉटर्स बर्थ डे का मंचन किया। उड़ीसा के कलाकारों द्वारा नाटक आंखें का मंचन किया गया। झारखंड के कलाकारों द्वारा जादू का सूट और नाग मंडल का मंचन किया गया। निर्देशक पुरुषोत्तम दा थे। स्वागत संस्था के सदस्य संजय चतुर्वेदी ने किया। अध्यक्षता मिल्टन पब्लिक स्कूल के एमडी डॉ. राहुल राज ने की। संस्था के संस्थापक निदेशक केशव प्रसाद सिंह, संरक्षक डॉ. महेश धाकड़, अध्यक्ष पंकज सक्सैना भी मौजूद रहे। उद्घाटन सत्र का संचालन अजय दुबे ने किया। नाट्य प्रतियोगिता का संचालन सचिव नीता तिवारी ने किया। उमा शंकर मिश्र, प्रमेंद्र पाल सिंह, सुधीर कुमार, अनीता परिहार आदि भी मौजूद थे।

### नृत्य प्रतियोगिताओं में दिखाई दी लघु भारत की छवि

नृत्य गुरु पुरुषोत्तम मयूरा, ज्योति खंडेलवाल, कटक की बाल नृत्यांगना अन्वेषा प्रियदर्शनी और आयुषी स्वाइन ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बलिया के वरिष्ठ रंगकर्मी विवेकानंद, विशाल झा, वाणी सक्सेना, शिवम परिहार आदि मौजूद रहे। संचालन शिप्रा सिंह ने किया। प्रतियोगिताओं में थिएटर मूवमेंट कटक, ध्रुपद डांस अकादमी इंदौर, मंच दूतम वाराणसी, अनुरोध साहित्य कला केंद्र आजमगढ़, सत्य नाट्य एवं नृत्य संस्थान के कलाकारों ने प्रस्तुतियां दीं।

## वंडर किड कंप्टीशन में सेंट पीटर्स बना ओवरऑल चैम्पियन

- ब्रेन ओ ब्रेन के 15वें नेशनल कम्पटीशन का हुआ पुरस्कार वितरण
- आरबीएस कॉलेज में विजेताओं को बांटे गए 25 लाख के पुरस्कार

एनएनआई

**आगरा।** बच्चों की मानसिक क्षमता, तर्कशक्ति और एकाग्रता को बढ़ावा देने वाले ब्रेन-ओ-ब्रेन द्वारा आयोजित 15वें नेशनल वंडर किड कंप्टीशन का पुरस्कार वितरण समारोह रविवार को आरबीएस कॉलेज के सभागार में हुआ। समारोह का शुभारंभ डॉ. सुशील गुप्ता विभव और डॉ. गिरधर शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। संस्था की सिटी कोऑर्डिनेटर कविता अग्रवाल ने बताया कि अगस्त में आयोजित की गई इस प्रतियोगिता में देशभर के 25 हजार स्कूलों के 75 हजार विद्यार्थियों ने भाग लिया था। इनमें से आगरा के 25 से अधिक स्कूलों के करीब 3 हजार बच्चों ने शिरकत की थी। उन्होंने बताया कि नेशनल वंडर किड कंप्टीशन बच्चों की मानसिक क्षमता का उत्सव है। प्रतियोगिता से पूर्व प्रतिभागी बच्चों को ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों में प्रशिक्षण प्रदान किया गया था। इस प्रशिक्षण के बाद बच्चों ने अपनी अभूतपूर्व प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर शानदार उपलब्धियां हासिल कीं। व्यवस्था चयनिका अग्रवाल, मीनू कोहली, रूपाली सिंघल, आलोक चंद्र, रीना चंद्र, शिव्या जैन, मोहित गर्ग, तृप्ति मित्तल, श्वेता बंसल, आकांक्षा अग्रवाल, नियति गोयल, ज्योति वर्मा, इंदिरा, आरती कालरा, नम्रता गोयल, गिन्नी ददयालनी और सपना गुप्ता आदि ने संभाली।



### विजेताओं को किया पुरस्कार वितरण

प्रतियोगिता में प्रत्येक कक्षा के शीर्ष 100 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इनमें रैंक वन से 25 तक नेशनल टॉपर अवार्ड, रैंक 26 से 50 तक नेशनल वंडर किड अवार्ड, अगले 25 प्रतिशत विद्यार्थियों गोल्ड मेडल और शेष प्रतिभागियों को सिल्वर मेडल और प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर 32 बच्चों को विशेष रूप से नेशनल वंडर किड ट्रॉफी और नकद पुरस्कार प्रदान किए गए। 25 लाख की नगद पुरस्कार राशि विजेताओं में वितरित की गई।

### सेंट पीटर्स रहा ओवरऑल चैम्पियन

इस दौरान आयोजित दीक्षांत समारोह में ढाई वर्ष का कोर्स पूर्ण करने वाले 150 बच्चों को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। इसमें सेंट पीटर्स स्कूल ने ओवरऑल चैंपियनशिप जीती। द्वितीय स्थान पर सेंट एंड्रूज स्कूल और तृतीय स्थान पर सुमित राहुल स्कूल रहा। गायत्री पब्लिक स्कूल और सेंट जॉर्ज स्कूल चौथे और पांचवें स्थान पर रहे।

### ये बने नेशनल वंडर किड टॉपर

शिवांक अग्रवाल, अथर्व महेश्वरी, ध्वनि गोयल, सोमांश मंगवानी, जतिन अग्रवाल, कुशाग्र जैन, प्रभव जैन, जेसिका जैसवानी, हर्षवर्धन सिंह, अर्णव चौधरी, मोहम्मद अलियान, यशवर्धन सिंह, अथर्व श्रोती, निशिता गुप्ता, दिव्या बंसल, अध्ययानश अग्रवाल, अंश यादव, हर्षित कुमार, अथर्व गुप्ता, शिवांश अग्रवाल, अंशिका गर्ग, माहित जैन, आरव चतुर्वेदी, देव सिंघल और भाव्या अग्रवाल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए वंडर किड टॉपर की सूची में स्थान बनाया।

## इरफान सोलंकी का आगरा आगमन पर हुआ स्वागत

- मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के महानगर अध्यक्ष जीशान अहमद ने किया स्वागत

**आगरा एनएनआई।** लम्बे समय बाद जेल से रिहा हुए हाजी इरफान सोलंकी का आगरा आगमन पर मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड निवर्तमान महानगर अध्यक्ष जीशान अहमद ने स्वागत किया। इरफान सोलंकी कानपुर की सीसामाऊ सीट से 4 बार के विधायक हैं। वे 33 महीने बाद हाल में जेल से रिहा हुए। अजमेर शरीफ दरगाह की जियारत करने जाते समय वह आगरा में रुके। इस दौरान मुलायम सिंह युथ ब्रिगेड के महानगर अध्यक्ष जीशान अहमद ने उनका इस्तकबाल किया। उन्होंने इरफान सोलंकी साहब की रिहाई को बुराई पर अच्छाई की जीत बताया।

